हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 26 जून 2026



# लखनऊ की घटना से भी सबक नहीं, कोचिंग सेंटरों में नहीं मिले फायर फाइटर सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लखनऊ के अली गंज स्थित एक कोचिंग सेंटर में हुए अग्निकांड के दौरान 15 छात्रों की मौत के बाद भी सुरक्षा मानकों को लेकर कोचिंग संचालकों द्वारा सबक नहीं लिया जा रहा है। राजनांदगांव शहर में भी कई ऐसे कोचिंग सेंटर हैं, जहां आगजनी की स्थिति के दौरान मौजूद छात्रों का सीढ़ियों के रास्ते उतर पाना भी मुश्किल है। अग्निशमन विभाग ने बुधवार को शहर में संचालित कोचिंग सेंटरों में दबिश देकर जब सुरक्षा मानकों की पड़ताल की तो कई गंभीर खामियां सामने आई है।

शहर में कई कोचिंग सेंटर एवं ट्यूशन इंस्टीट्यूट दूसरे, तीसरे और चौथे माले पर संचालित हो रहे हैं। ऐसे में लखनऊ में हुए भीषण आगजनी के हादसे से भी सबक नहीं लिया जा रहा है। राजनांदगांव शहर में ही लगभग 200 से अधिक कोचिंग सेंटर संचालित हैं। इसमें से 50-60 कोचिंग सेंटर ऊपर मंजिलों में संचालित होते हैं। कोचिंग सेंटर संचालित होने वाले कई इमारत ऐसे हैं कि यहां पर छात्रों के लिए पर्याप्त जगह भी नहीं है। महज डेढ़ -दो फीट की पतली सीढ़ियों से ही विद्यार्थी एक-एक करके ऊपर कोचिंग इंस्टिट्यूट तक पहुंचते हैं। आपातकालीन स्थिति के दौरान अपने बचाव में उनका त्वरित नीचे उतरना भी संभव नहीं होगा। हालांकि जांच पड़ताल के बाद संबंधित कोचिंग सेंटरों को तय अवधि में जरुरत अनुसार सुरक्षा की व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश दिए गए है। वहीं दोबारा जांच किए जाने की बातें भी कही गई है।

## विभाग ने की जांच पड़ताल, आपातकालीन स्थिति में तंग रास्तों से उतरने व्यवस्था भी नहीं

### जांच-पड़ताल के दौरान पर्याप्त नहीं मिले फायर सिलेंडर

लखनऊ की घटना के बाद कोचिंग सेंटर में सुरक्षा मानकों की जांच करने अग्निशमन विभाग के जिला सेनानी अरूण कुमार सिंह और फायर स्टेशन प्रभारी ईमाम बेग सहित विभाग की टीम द्वारा शहर के अलग-अलग कोचिंग सेंटर में जांच पड़ताल की गई। इस दौरान सभी जगहों पर आग बुझाने के लिए पर्याप्त फायर सिलेंडर तक नहीं मिले।



### दिया जाएगा प्रशिक्षण

चार बड़े कोचिंग इंस्टिट्यूट पर सुरक्षा मानकों की जांच की गई, खामियां मिली है, जिसे उच्च कार्यालय को अवगत कराया जाएगा। फायर फाइटर सिलेंडर उपयोग करने के लिए कोचिंग स्टाफ को ट्रेनिंग दी जाएगी।

**- अरूण कुमार सिंह,** जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी

### प्रशिक्षित नहीं कर्मचारी

ट्यूशन इंस्टिट्यूट में जांच पड़ताल के दौरान जिला सेनानी और उनकी टीम को फायर एग्जिट नहीं मिले। कोचिंग सेंटर में वेंटिलेशन की कमी भी पाई गई। वहीं कोचिंग सेंटर में उपस्थित स्टाफ फायर फाइटर सिलेंडर का उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित भी नहीं मिले। ऐसे में पहली प्राथमिकता सिलेंडर के उपयोग को लेकर प्रशिक्षण देना नजर आया। प्रशिक्षण देने का काम भी शुरु कर दिया गया है।

---

## सामान्य से 83 फीसदी कम बारिश से बोनी अटकी

# मानसून की बेरूखी से किसान परेशान, 5% से भी कम बुवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हरिभूमि सरोकार

मानसून की सुस्त चाल और पर्याप्त वर्षा नहीं होने से जिले के किसान भारी चिंता में हैं। जून माह समाप्त होने को है, लेकिन अब तक खरीफ फसलों की बुवाई अपेक्षित गति नहीं पकड़ सकी है। कृषि विभाग के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार जिले में लक्ष्य के मुकाबले 5 प्रतिशत से भी कम क्षेत्र में बुवाई हो पाई है। खेतों की तैयारी पूरी होने के बावजूद किसान बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

हर वर्ष जून के दूसरे पखवाड़े तक धान सहित अन्य खरीफ फसलों की बुवाई तेज हो जाती है, लेकिन इस बार पर्याप्त नमी नहीं मिलने से किसान बीज डालने का जोखिम नहीं उठा पा रहे हैं। कई किसानों ने खेतों की जुताई और बियासी का कार्य पूरा कर लिया है। बीज और खाद की व्यवस्था भी कर ली गई है, लेकिन बारिश नहीं होने से खेत सूखे पड़े हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान अब अच्छी बारिश की आस लगाए बैठे हैं। यदि आगामी एक सप्ताह के भीतर मानसून सक्रिय नहीं हुआ तो खरीफ सीजन की शुरूआत पर व्यापक असर देखने को मिल सकता है।



### नहीं मिल रहा खाद-बीज संकट से किसान परेशान

एक तरफ जहां अब तक बारिश नहीं होने ने किसानों की चिंताए बढ़ा दी है। वहीं दूसरी ओर जिलेभर में किसान खाद, बीज की उपलब्धता नहीं होने से परेशान चल रहे है। बताया गया कि बुआई से पहले किसानों को डिएपी सहित अन्य खाद की आवश्यकता होती है, लेकिन इस खरीफ सीजन किसानों को मांग के मुताबिक खाद ही नहीं मिल पा रही है। जिसके चलते किसानों को निजी दुकानों का रुख करना पड़ रहा है। जबकि पिछले कुछ दिनों के भीतर किसानों की पीड़ा को लेकर धरना-प्रदर्शन तक देखने को मिल चुकें है।

### अभी तक सिर्फ 114 मिमी वर्षा

जिले में वर्षा की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। कलेक्टर कार्यालय भू-अभिलेख शाखा द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार 25 जून तक जिले में केवल 114.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जबकि पिछले 10 वर्षों के आधार पर इसी अवधि में औसत वर्षा 663.3 मिमी रहती है। इस तरह जिले में अब तक सामान्य वर्षा का मात्र 17.2 प्रतिशत पानी ही गिरा है। कई तहसीलों में स्थिति और भी खराब है। डोंगरगढ़ में केवल 13.7 मिमी, लालबहादुर नगर में 8.5 मिमी, छुरिया में 2.2 मिमी तथा कुमरदा में मात्र 4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### बुवाई में देरी से उत्पादन पर होगा असर

किसानों का कहना है कि यदि अगले कुछ दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो बुवाई में देरी होने से उत्पादन प्रभावित हो सकता है। खेती पूरी तरह मानसून पर निर्भर होने के कारण किसानों की आर्थिक चिंता भी बढ़ने लगी है। किसानों के अनुसार धान की खेती के लिए पर्याप्त नमी जरूरी होती है। समय पर वर्षा नहीं होने से फसल चक्र प्रभावित होने की आशंका बढ़ जाती है।

### कम अवधि वाली फसल लें किसान

इधर कृषि विभाग ने किसानों को घबराने के बजाय मौसम की स्थिति पर नजर रखने और कृषि वैज्ञानिकों की सलाह के अनुसार खेती कार्य करने की अपील की है। विभाग का कहना है कि मानसून सक्रिय होते ही बुवाई का रकबा तेजी से बढ़ेगा। साथ ही किसानों को कम अवधि वाली किस्मों और वैकल्पिक फसलों के संबंध में भी जानकारी दी जा रही है।

---

# अतिक्रमण तोड़ने पहुंचा निगम अमला विरोध पर लौटा वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के प्यारेलाल स्कूल व्यावसायिक परिसर के समीप गुमटी लगाकर व्यवसाय करने वाले लोगों की दुकान तोड़ने आज नगर निगम अमला पहुंचा। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध के बाद निगम के तोडू दस्ते को वापस लौटना पड़ा।

वर्षों से यहां सड़क किनारे छोटे-मोटे ठेले-खोमचे लगाकर लोग अपना जीवनयापन कर रहे हैं। निगम द्वारा इन दुकानों को अतिक्रमण बताते नोटिस जारी किया गया था। आज निगम का अमला जेसीबी वाहन लेकर इन दुकानों को तोड़ने पहुंच गया। दुकानदारों ने विरोध किया, लेकिन अमला दुकानों को तोड़ने उतारू हो गया। इसी बीच दुकानदारों ने कांग्रेस नेताओं से मदद की गुहार लगाई और मौके पर पहुंचे युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी और अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तोड़फोड़ का विरोध किया। निखिल द्विवेदी ने कहा कि भाजपा सरकार में सिर्फ गरीबों का अतिक्रमण दिखता है और अमीरों को छूट दिया जाता है। उन्होंने कहा कि पुराना बस स्टैंड के समीप एक अतिक्रमण पर खुलेआम अवैध शराब बिकती है, जिसे शिकायत के बाद भी निगम द्वारा अब तक नहीं तोड़ा गया है। वहीं प्यारेलाल स्कूल परिसर के समीप छोटे-मोटे ठेले लगाकर अपना जीवनयापन करने वाले लोगों का अतिक्रमण निगम को दिख रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक व्यवस्थापन की प्रक्रिया नहीं किया जाता, तब तक किसी को नहीं हटाया जाए।



### वर्षों से कर रहे व्यवसाय

यह लगभग 35-40 वर्षों से जूता-चप्पल रिपेयरिंग, मोटर साइकिल मरम्मत सहित अन्य व्यवसाय करने वाले दुकानदारों ने कहा कि वह यहां वर्षों से व्यवसाय कर रहे हैं। हम नगर निगम को किराया देने तैयार हैं, लेकिन अचानक ठेला हटाने बोला जा रहा है। दुकानदारों ने कहा कि वह यहां से उठकर कहां जाएंगे। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा नोटिस दिया गया था। जिसका जवाब भी उन्होंने दिया है, इसके बावजूद दुकान तोड़ने अमला भेज दिया गया।

### तोड़फोड़ बिना लौटे

छोटे व्यवसायियों की दुकान तोड़ने पहुंचे अमले को कांग्रेस नेताओं और दुकानदारों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। इसके बाद निगम का तोड़ू दस्ता लौट गया। इस दौरान दुकानदारों के साथ कांग्रेस नेता आसिफ अली, शरद पटेल, अभिमन्यु मिश्रा, गणेश पवार, संदीप सोनी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### दुकानों में देंगे प्राथमिकता

अतिक्रमण हटाने एक दिन का समय दिया गया है। दुकान निर्माण किए जाने पर अतिक्रमणकारियों को प्राथमिकता देने लिखित आश्वासन दिया गया है।

**-यूके रामटेके** अभियंता, नगर निगम

### राशन दुकान का होगा संचालन

मौके पर पहुंचे नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने कहा कि नगर निगम का काम अतिक्रमण हटाना है, जहां अतिक्रमण किया गया है, उसके पीछे ही एक बंद पड़ा हुआ जिम है। जिसमें लेबर कॉलोनी की शासकीय उचित मूल्य दुकान का संचालन किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने के बाद व्यवस्थापन के लिए लिखित आश्वासन दिया गया है।

---

# तीन दिन से नाबालिग लापता

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र से एक नाबालिग छात्रा के लापता होने का मामला सामने आया है। छात्रा घर से कॉलेज जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 वर्षीय छात्रा, जो महाविद्यालय में प्रथम वर्ष की छात्रा है, 22 जून की सुबह घर से पढ़ाई के लिए निकली थी। देर शाम तक उसके घर नहीं लौटने पर परिजनों ने रिश्तेदारों, परिचितों और संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद परिजनों ने थाना डोंगरगढ़ पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रारंभिक जांच के दौरान पुलिस को छात्रा के किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाए जाने की आशंका प्रतीत होने पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धारा के तहत अपहरण का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार पुलिस ने छात्रा की तलाश के लिए जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों सहित आसपास के जिलों को भी सूचना भेजी है। मामले की जांच जारी है और पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते छात्रा की खोजबीन में जुटी हुई है।

---

साइबर और लालबाग थाने की संयुक्त कार्रवाई

# ढाबा के पीछे रखा था शराब पुलिस की दबिश, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



ढाबा के पीछे अवैध रूप से बिक्री करने हेतु शराब रखने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। इस दौरान देशी - अंग्रेजी शराब बरामद कर दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

जिले में अवैध गतिविधियों, विशेषकर मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शराब बिक्री एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार इसी क्रम में साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार एवं थाना लालबाग प्रभारी निरीक्षक रमेश पटेल के नेतृत्व में 24 जून को प्राप्त सूचना के आधार पर साइबर थाना एवं थाना लालबाग से पृथक से टीम गठित कर यह कार्रवाई की गई है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई की गई। प्रकरण में आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### आबकारी एक्ट के तहत एक्शन

आरोपी अशोक तेजवानी एवं शत्रुघन यादव साहू द्वारा उनके द्वारा संचालित पायल ढाबा के पीछे अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु कब्जे में रखे 75 पौवा शेरा प्लेन कीमती 6000 रुपए, 25 पौवा गोल्डन गोवा कीमती 3000 रुपए, 7 पौवा मैकडॉवेल नंबर-1 कीमती 1260 रुपए को घटनास्थल पायल ढाबा के पीछे रेवाडीह से जब्त किया गया।

---

# चोरी के आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

घर के आंगन में लगे पंप की चोरी मामले में पतासाजी करते पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपियों से चोरी का सामान बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्राम उदयपुर निवासी प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 21-22 जून की रात्रि अज्ञात चोर उसके घर की दीवार फांदकर आंगन में लगे टुल्लु पंप को चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर थाना छुईखदान में अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।



### पंप सहित अन्य सामान बरामद

पुलिस ने गंभीरता से जांच करते संदेहियों की पतासाजी की। पूछताछ में आरोपी गोपाल धुर्वे 40 साल साकिन उदयपुर, शेख अफताब 21 साल साकिन उदयपुर ने चोरी की घटना करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गया टुल्लु पंप तथा पाइप एवं वायर काटने में प्रयुक्त चाकू बरामद किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर उपजेल सलोनी भेज दिया गया।

**कमर्शियल प्लाट बेचना हैं**

12 डिसमिल प्लाट साइज 50×105 कुल 5250 लगभग का कमर्शियल प्लाट प्राइम लोकेशन तुमड़ीबोड़-डोंगरगढ़ मुख्य मार्ग (मेन रोड) ग्राम डूंडेरा में स्थित को बेचना है।

- संपर्क करें -
7770999355
9302526909

---

## अवकाश के दिनों में शिक्षकों को ऑनलाइन मिलेगी ट्रेनिंग, निर्देश जारी

# एससीईआरटी का आदेश: नए पाठ्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए सातवीं कक्षा के शिक्षकों को मिलेगी ऑनलाइन ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद यानी एससीईआरटी रायपुर द्वारा कक्षा सातवीं की नवीन पाठ्य पुस्तकों के क्रियान्वयन को लेकर अब शिक्षकों को ऑनलाइन माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस आदेश के तहत राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिलों के शिक्षकों को भी शामिल करते उनके प्रशिक्षण के लिए बजट आवंटित किया गया है।

आदेश के अनुसार वित्त विभाग के नियमों को ध्यान में रखते इस बार यह आवश्यक प्रशिक्षण ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण गूगल मीट या वेबेक्स जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर होगा, ताकि प्रतिभागी आपस में सीधी बातचीत कर सकें। राजनांदगांव जिले के चार विकासखंडों, मोहला-मानपुर के तीन विकासखंडों और खैरागढ़ के दो विकासखंडों को मिलाकर कुल नौ विकासखंडों के शिक्षक इसमें भाग लेंगे। इन तीनों जिलों में छह अनिवार्य विषयों हिंदी, गणित, संस्कृत, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान और अंग्रेजी का प्रशिक्षण समानांतर रूप से चलेगा। प्रत्येक विषय के लिए कुल बीस सत्र आयोजित किए जाएंगे और हर सत्र की अवधि डेढ़ घंटे की होगी। डाइट खैरागढ़ को इन तीनों जिलों में प्रशिक्षण की जिम्मेदारी सौंपते योजनाबद्ध तरीके से काम पूरा करने को कहा गया है। प्रशिक्षण शुरू होने से पहले शिक्षकों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा, ताकि असाइनमेंट साझा किया जा सके। इसके अलावा पहले दिन प्री-टेस्ट और अंतिम दिन पोस्ट-टेस्ट के माध्यम से शिक्षकों का मूल्यांकन भी किया जाएगा। जिसकी दैनिक रिपोर्ट डाइट द्वारा गूगल फॉर्म के माध्यम से भेजी जाएगी।

### प्रशिक्षण से कार्य नहीं होगा प्रभावित

मीडिल स्कूल के शिक्षकों की ऑनलाइन क्लास स्कूल समय में नहीं होगी। शिक्षण कार्य प्रभावित न हो, इसलिए स्कूल की छुट्टी होने के बाद और अवकाश के दिनों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। एक विषय का प्रशिक्षण 20 सत्र में पूरा होगा। प्रत्येक सत्र डेढ़-डेढ़ घंटे होगा, इसलिए हर ऑनलाइन क्लास डेढ़ घंटे की होगी। प्रशिक्षण डाइट द्वारा नियोजित स्रोत व्यक्ति के माध्यम से दिया जाएगा। इसका निर्धारण प्रशिक्षण की तिथि तय होने के साथ ही कर दिया जाएगा।

### पहले दिन प्रथम सत्र में देना होगा प्री-टेस्ट

प्रशिक्षण में भाग लेने वाले विषय शिक्षकों को पहले दिन के प्रथम सत्र में प्री-टेस्ट देना होगा। अंतिम दिन अंतिम सत्र में पोस्ट टेस्ट के साथ प्रशिक्षण में दी गई जानकारी का फीडबैक देना होगा। यह सब डाइट के प्रशिक्षण विषय समन्वयक, स्रोत व्यक्ति के समन्वय से कराया जाएगा। जिले में इस प्रशिक्षण के लिए जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान ने ब्लॉक व विषयवार व्हाट्सएप ग्रुप बनाने को कहा है। साथ ही यह जानकारी 23 जून तक मांगी थी, ताकि प्रशिक्षण की तिथि तय की जा सके। प्रत्येक विषय शिक्षक की 30-30 घंटे की क्लास लगाई जाएगी।

**संजीवनी** नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### भवन के लिए 2 लाख की घोषणा

**डोंगरगढ़।** मुढ़ीपार में यादव समाज ने राधाकृष्ण मंदिर का स्थापना दिवस महोत्सव का आयोजन किया। समारोह में जिला पंचायत सदस्य अरुणासिंह बनाफर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने यादव समाज के सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि समाज ने शिक्षा के प्रसार और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने समाज को संगठित होकर विकास के मार्ग पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर भवन में टाइल्स लगाने तथा अन्य कार्यों के लिए 2 लाख देने की घोषणा की। घोषणा का स्वागत करते हुए समाज के पदाधिकारियों ने उनका आभार व्यक्त किया है। अन्य अतिथियों ने भी अपने संबोधन में भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों को अपनाने और समाज में एकता एवं भाईचारे को मजबूत करने पर बल दिया। इस दौरान वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया।

### नदियों से रेत की बेजा निकासी



**मुरमुंदा।** पारागांव खुर्द, जामरी और मुड़पार नदी क्षेत्र से सैकड़ों ट्रिप रेत पार कर दिया गया है। लोगों का कहना है कि मामले की जानकारी अधिकारियों को देने के बाद भी कार्रवाई के बजाए टालमटोल किया जा रहा है। ग्रामीणों ने खनिज विभाग सहित स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया है। लोगों ने आरोप लगाया है कि पारागांवखुर्द और जामरी क्षेत्र में ग्राम स्तर पर लेनदेन किया है। वही कुछ का कहना है कि नदी शासकीय संपत्ति है, जिसे बेचने का अधिकार किसी को नहीं है। ग्रामीणों ने रेत खनन के मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### गरीबों को पट्टा देना हितकारी



**डोंगरगढ़।** नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष रामकृष्ण कन्नौजिया ने केंद्र सरकार द्वारा गरीबों को पट्टा एवं आवास योजना का लाभ देने की घोषणा का स्वागत किया है। उन्होंने बताया कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 8 मई को पत्र जारी कर निकाय क्षेत्रों में 2017 से सरकारी भूमि पर काबिज आवासहिनों को पट्टा देने कहा है। आदेश के अनुसार 15 अगस्त आवासहिनों का सर्वे किया जाएगा। उन्होंने बताया पात्रता परीक्षण के बाद पट्टा देने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने इस बात पर चिंता जताया है कि आदेश जारी होने के ढाई माह बाद भी सर्वे प्रारंभ नहीं हुआ है जिससे गरीबों के मकान का सपना टूट रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से शीघ्र टीम गठन कर सर्वे प्रारंभ कराने की मांग की है।

### प्रस्तावित शराब दुकान का विरोध



**डोंगरगढ़।** चौथना के ग्रामीणों ने प्रस्तावित शराब दुकान का विरोध करते हुए ग्रामसभा में सामूहिक आवेदन सौंपा है। उन्होंने इस आशय के प्रस्ताव को निरस्त करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि 2024 में हुई ग्रामसभा में ग्रामीणों की उपस्थिति कम थी, जिसके कारण बहुसंख्यक ग्रामवासियों की राय एवं सहमति प्रस्ताव में शामिल नहीं थी। ग्रामीणों ने कहा कि शराब दुकान खुलने से सामाजिक वातावरण प्रभावित होगा साथ ही महिलाओं, बच्चों और युवाओं पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। ग्रामीणों ने 2024 में पारित प्रस्ताव को निरस्त करने मांग की है। उन्होंने भविष्य में शराब दुकान स्थापना के लिए प्रस्ताव मांगने पर नहीं देने कहा है।

## नपं की लापरवाही : शहर में जहां तहां कचरे का भंडारण से बिगड़ी सूरत

# गंडई में दम तोड़ रहा स्वच्छता अभियान

## शहर में आक्सीजोन बनाने की उठ रही मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत गंडई में कचरा प्रबंधन की लचर व्यवस्था ने स्वच्छता अभियान की पोल खोल दी है। आलम यह है कि कचरा प्रबंधन के नाम पर केवल एक स्थान से उठाकर दूसरे स्थान पर कचरा डंप किया जा रहा है। नगर पंचायत की अदूरदर्शी कार्यशैली के कारण नगर का अधिकांश हिस्सा कचरा डंपिंग यार्ड बनते जा रहा है।

### फैल रही दुर्गंध, बढ़ी दिक्कत

कन्या स्कूल से अग्रवाल भवन मार्ग अब कचरे का गढ़ बन गया है। इस रास्ते से होकर गुजरने वाली छात्राओं को हर दिन कचरे के ढेर और उससे उठने वाली सड़ांध से जूझना पड़ता है। छात्राओं के लिए यह स्थिति बर्दाश्त से बाहर होते जा रही है। इससे पूर्व भरभड़ी स्थित मणिकंचन केंद्र के पास भी कचरा डंपिंग के कारण कचरा बिखरा पड़ा है जो उड़कर खेतों में जा रहा है। इसी प्रकार खैरागढ़ मार्ग के किनारे कचरा डम्प किया गया है।

### बजट में कचरा प्रबंधन की अनदेखी

नगर के विकास के लिए हर वर्ष भारी-भरकम बजट पेश किया जाता है, परंतु कचरा प्रबंधन जैसा संवेदनशील विषय हमेशा हाशिए पर रहता है। नगर पंचायत आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए कचरे का रिसाइकलिंग कर शहर को स्वच्छ बना सकती है। इस पहल से आय के स्रोत भी पैदा होंगे।

### आक्सीजन जोन बनाना चाहिए

साहित्यकार डॉ पीसी लाल यादव ने बताया कि नगर में प्राकृतिक रूप से लगे पेडों को काटा जा रहा है। नगर के युवाओं और बच्चों को प्रकृति से जोड़ने आक्सीजन जोन बनाना बहुत जरूरी है, ताकि सभी यहां पौधारोपण कर सकें जिसके लिए कन्या स्कूल से अग्रवाल भवन तक उपयुक्त स्थान हो सकता है।



### पौधरोपण की हो पहल

नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष चेतन देवांगन ने कहा कि नगर में ऐसी जगह नहीं है जहां महिलाएं बुजर्ग और बच्चे समय व्यतीत कर सके। अग्रवाल भवन से कन्या स्कूल तक आक्सीजोन विकसित करते हुए पौधे लगाने की पहल किया जाना चाहिए।

### गंदगी फैलाना बंद हो

व्यापारी त्रिलोक ताम्रकार ने कहा कि एक ओर स्वच्छता मिशन चलाया जा रहा वही दूसरी ओर नगर पंचायत कन्या स्कूल के पास गंदगी फैला रही है। गंदगी फैलाने के बजाय पौधरोपण किया जाए तो नगर की सुंदरता बढ़ेगी।

### प्रस्ताव पर होगा अमल

मुख्य नगर पंचायत अधिकारी अविनाश देवांगन ने बताया कि वहां कचरा डम्प नही किया जा रहा है बल्कि कचरे को हटाने के बाद मुरुम डालकर समतल किया जाएगा। आक्सिजोन बनाने की मांग आती है तो प्रस्ताव लेकर आक्सिजोन बनाया जाएगा।

### खाली जमीन का दुरूपयोग

नगर पंचायत में दूरदर्शी सोच का कितना अभाव है, इसका अंदाजा अग्रवाल भवन से कन्या स्कूल तक स्थित नहर के किनारे की खाली जगह को देखकर लगाया जा सकता है। इस विशाल भू-भाग को ऑक्सीजन जोन में तब्दील किया जा सकता था। यहां सघन पौधरोपण कर नगर को प्रदूषण मुक्त बनाया जा सकता था किन्तु गैर जिम्मेदाराना तरीके से कचरा डंप किया जा रहा है। नगर पंचायत ने चिन्हित स्थानों के अलावा शहर के कई हिस्सों को अघोषित कचरा यार्ड बना दिया गया है। बैहराभाठा पानी टंकी और हटरी से नदी जाने वाले मार्ग पर कचरे का ढेर लगा हुआ है। जगह-जगह फैली गंदगी से न केवल शहर की सुंदरता धूमिल हो रही है, बल्कि बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ रहा है।

# ब्रिज की गुणवत्ता पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मानसून की पहली बारिश ने रेलवे विभाग द्वारा बोरतलाव में बनाए गए ब्रिज की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। करोड़ों की लागत से बनाए गए पुल में दो पिलरों के बीच का हिस्सा उखड़कर बाहर निकल गया है जिससे पुल की सतह पर लंबा गैप दिखाई देने लगा। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते स्थिति पर नियंत्रण नहीं किया जाता तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रात को दो बाइक सवार इस क्षतिग्रस्त हिस्से की चपेट में आकर घायल हो गए वहीं कुछ भारी वाहन भी इस मार्ग से गुजरे, लेकिन चालकों के सतर्क रहने से दुर्घटना टल गई। पुल के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिलते ही स्थानीय नागरिकों ने रेलवे के अधिकारियों को सूचित किया। सूचना देने के बाद काफी देर तक कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। ग्रामीणों ने पुलिस की मदद से क्षतिग्रस्त हिस्से को हटाकर मार्ग को सुरक्षित बनाने का प्रयास किया।



### लापरवाही आई सामने

लोगों ने बताया कि पुल का निर्माण लगभग डेढ़ वर्ष पहले पूरा हुआ है। इसका इसका रखरखाव रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग द्वारा किया जा रहा है। क्षेत्रवासियों ने मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## खाद-बीज की कमी को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन 29 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

विधायक दलेश्वर साहू के नेतृत्व एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव, डोंगरगढ़ एवं लालबहादुर नगर के तत्वावधान में खाद बीज की किल्लत सहित अन्य मुद्दों को लेकर आगामी 29 जून को तुमड़ीबोड़ में प्रदर्शन किया जाएगा।

इस आंदोलन के प्रभारी किसान नेता गुलाब वर्मा होंगे। आंदोलन के माध्यम से किसानों को पर्याप्त खाद एवं बीज उपलब्ध कराने, पेट्रोल एवं डीजल की कीमत नियंत्रित करने, गैस सिलेंडर के बढ़े दाम वापस लेने, विद्युत कटौती एवं लो-वोल्टेज की समस्या का समाधान की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा जाएगा।

आयोजकों ने कांग्रेसजनों, किसानों, युवाओं से आंदोलन में शामिल होने का आव्हान किया है।

# विभागीय मूल्यांकन टीम ने किया हास्पिटल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मॉडल बनाने के लिए कई सुविधाओं के विकास और संसाधनों की आवश्यकता है जिसे ध्यान में रखते हुए प्रदेश स्तरीय असेसमेंट टीम ने सोमवार को अस्पताल का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। तीन सदस्यीय टीम ने अस्पताल की सफाई, उपलब्ध सुविधा तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पताल की स्वच्छता पर संतोष व्यक्त किया, लेकिन मॉडल अस्पताल के निर्धारित मानकों को पूरा करने के लिए कई आवश्यक कमियों की ओर ध्यान आकर्षित किया।



### जरूरी सुविधा का अभाव

मूल्यांकन के दौरान सामने आया कि अस्पताल में एमआरआई, सोनोग्राफी और ब्लड बैंक जैसी सुविधा नहीं हैं। पुरानी एक्स-रे मशीन के उपयोग पर चिंता व्यक्त किया गया। उनका कहना था कि आधुनिक चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए नवीन उपकरणों एवं अत्याधुनिक सुविधाओं की आवश्यकता है। विशेषज्ञों ने कहा कि आवश्यक चिकित्सा सेवाओं और आधुनिक संसाधनों की उपलब्धता के बिना अस्पताल को मॉडल अस्पताल का दर्जा दिलाना संभव नहीं होगा। यह असेसमेंट टीम अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपेगी, जिसके आधार पर सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

## गणवेश और किताबों का निःशुल्क वितरण

# उत्सव के साथ स्कूलों में पढ़ाई का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव





विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन हायर सेकेंडरी स्कूल कोकपुर प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु थी। इस दौरान जनपद अध्यक्ष रंजीता पटौदी, बीईओ कमलेश्वर देवांगन, एबीईओ क्षितिज सोरी, संकुल प्राचार्य केआर सोरी, संकुल समन्वयक राहुल जैन सहित अन्य उपस्थित थे। मंच संचालन दीपक राजपूत ने किया।

इस अवसर पर संकुल समन्वयक श्री जैन ने बताया कि नवप्रवेशी बच्चों के उत्साहवर्धन एवं उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करने यह आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को पुस्तक एवं साइकिल का वितरण किया गया।

शिक्षकों एवं बच्चों का सम्मान

इस अवसर पर उल्लेखनीय सेवाएं देने वाले शिक्षकों एवं प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बीईओ कमलेश्वर देवांगन, सेवानिवृत्ति लता सोनी, स्थानांतरित हेमपुष्पा साहू, एबीईओ रश्मि ठाकुर तथा अनंत विद्यापीठ कोकपुर की छात्रा वेदिका जोशी का सम्मान किया गया। इस दौरान भागवत तारम, देव कुमार पटेल, मनोज ठाकुर, अंकिता यदु, अश्वनी क्षीरसागर, आरडी साहू, ममता बोरकर, संजीव कुलहरे, त्रिवेणी ठाकुर, अमरीका पंचारी सहित अन्य मौजूद थे।

**साल्हेवारा।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम विद्यालय में मंगलवार को प्रवेशोत्सव आयोजित किया गया। इस दौरान शैक्षणिक सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिसमें निकिता धारवे, सुमन नायक, थांसु यादव, मानवी मत्रे, केशिका यादव, मुक्ता मत्रे, कुमेश मुंडी, सूर्या ध्रुवे, मानसी भेडिये, इशिता धारवे, लक्ष्य वर्मा, पूजा ध्रुवे, लक्ष्य साहू, वेदिका मराठा, सिद्धि शर्मा, शनि शुक्ला, पीयूष साहू, तुषार कुमार, ध्रुव पाठक, नेहा साहू, दीक्षा वर्मा एवं हिमांशु शुक्ला शामिल थे। इसी प्रकार हिन्दी माध्यम की छात्रा वासनी नामदेव, रितेश सोनवानी, पल्लवी चक्रधारी, संदीप ठाकरे का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में निजाम मंडावी, पवार मेरावी, गगन अग्रवाल, मोहित रजक, चंदू चक्रधारी, बहादुर सिंह खुशरो, गिरधारी वर्मा, रूपलाल यादव, जगदीश पंचकपाट, नरेंद्र पटले, सुजाता यादव, महेश साहू, विवेक महंत, मयंक सिंह, गजेन्द्र कुमार, सुनील राठौर, श्रद्धा साहू, सौरभ ठाकुर, ऋषभ सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

**घुमका।** प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला एवं उच्चतर माध्यमिक शाला मुरमुंदा ने संयुक्त प्रवेश उत्सव का आयोजन किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य किरण बारले थी। अध्यक्षता जनपद सदस्य जितेंद्र गायकवाड़ एवं विशिष्ट अतिथि सरपंच मोंगरा वर्मा उप सरपंच उमा वर्मा थे। अतिथियों ने छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। अतिथियों ने गणवेश, पुस्तक एवं सायकल वितरण किया। इस अवसर पर केवल वर्मा, हेमंत वर्मा, धनेश्वरी यादव, टीकम वर्मा आदि मौजूद थे।

**डोंगरगढ़।** प्राथमिक शाला क्रमांक-2 एवं पूर्व माध्यमिक शाला बुधवारी पारा में संयुक्त रूप से प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। छात्रों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें एवं गणवेश वितरित किए गए। मुख्य अतिथि पार्षद अमित छाबड़ा ने कहा कि विद्यालय बच्चों के विकास के साथ समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वह अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें। इस अवसर पर पार्षद शिवांगी साखरे, प्रधानपाठक मीनाक्षी हेमने, शेफाली साहू, भानुमति कोसा सहित अन्य मौजूद थे।

**मुरमुंदा।** संत प्रयाग विद्यालय मुरमुंदा में गत दिनों उत्साह के साथ प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। मां सरस्वती की पूजा के बाद छात्रो को तिलक लगाकर मुँह मीठा कराते हुए स्वागत किया गया। बच्चों को नियमित स्कूल आने प्रेरित किया गया। इस दौरान विनमदास साहू, कोमल चौधरी, कुमार सिंह कदम, स्कूल संचालक चंद्रशेखर श्रीवास्तव, प्राचार्य अंजना चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे।



### प्रवेशोत्सव में जगमगाए 16 ज्ञानदीप



**बांधाबाजार।** प्राथमिक शाला टीपानगढ़ में आयोजित प्रवशोत्सत्में बच्चों का तिलक लगाकर और आरती उतारकर स्वागत किया गया। संकुल समन्वयक राकेश कुलेशिया बताया कि बच्चों के स्वागत के लिए सीनियर बच्चों एवं शिक्षकों ने रंगोली सजाया था। स्वागत के बाद निःशुल्क पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधानपाठक मनोज पुराम, अश्वनी साहू, हरेंद्र साहू, राकेश कुमार, रूपेंद्र साहू, निर्मला साहू आदि मौजूद थे।

# पुनर्मूल्यांकन से बदला परिणाम

## वीणा साहू अब तहसील में सबसे आगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट होकर पुनर्मूल्यांकन करना भारतीय पब्लिक स्कूल की कक्षा 12वीं के छात्र छात्राओं के लिए काफी फायदेमंद साबित हुआ है। संस्था के विद्यार्थी अब तहसील में प्रथम एवं जिले में पंचम स्थान पर आ खड़े हुए हैं।

प्राचार्य सुनील पाण्डेय ने बताया कि पुर्नमूल्यांकन नतीजे के बाद संस्था के छात्र- छात्राओं के अंक में उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी हुई है। शाला की वीणा साहू जिसे मुख्य परीक्षा में 87 फीसदी अंक मिले थे।

पुर्नमूल्यांकन के बाद उसके अंक बढ़कर 94 फीसदी हो गए है। वह अब जिले में पंचम स्थान पर पहुंच गई है। वहीं संस्था में प्रथम पांच स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के नतीजे में जबरदस्त बदलाव आया है। जिन बच्चों को 90 प्रतिशत से कम अंक मिले थे उनके अब 90 फीसदी से

### बदला परीक्षा परिणाम

कला, विज्ञान एवं कृषि तीनों संकायों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। संयुक्त रूप से कक्षा में प्रथम वीणा साहू, द्वितीय हिमानी रामटेके 92.4 प्रतिशत, तृतीय स्नेहा राजपूत 92.2 प्रतिशत, चतुर्थ लक्की सोनकर 91.4 प्रतिशत एवं पंचम स्थान पर सिमरन नेताम रहो। जानकारी के अनुसार कक्षा दसवीं की हर्षिता के अंक 90.5 से बढ़कर 91.5 और लीसा साहू के अंक 89.8 से बढ़कर 90.3 प्रतिशत हो गए है। पुनर्मूल्यांकन के बाद आए परीक्षा परिणाम से छात्र छात्राओं में खुशी का माहौल है। छात्र छात्राओं को मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति की अध्यक्ष शैलजा पाण्डेय, संतोष सागर शर्मा, गौरीबाई झाड़े, संतोष वैष्णव, उमाराजे राजपूत, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, पवन ठाकुर, बीरेन्द्र बोरकर, राजेन्द्र कुंवर, बिरेन्द्र राजपूत, पीएल बया, देवेन्द्र साहू, लूनकरण यादव, कोमल सेन, गुरूविंदर, कांता सेन, गौरव देवांगन, अविनाश दुबे विवेक अंबादे, तृप्ति देवांगन ने बधाई दी है।

# मजदूर के सूने घर से नगदी व जेवर की चोरी

**गंडई पंडरिया।** क्षेत्र में इन दिनों चोरी की वारदात बढ़ गई है। हाल में रायपुर में रहकर मजदूरी करने वाले एक परिवार के सूने घर में चोरी हो गई है। चोरों ने कीमती गहने और नकदी पार करने के साथ सबूत मिटाने के लिए सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी निकालकर ले गए।

दनिया निवासी दुर्गेश साहू वर्तमान में रायपुर में वाहन मैकेनिक का काम करता है। उसने पुलिस को शिकायत में बताया कि उसके पुश्तैनी घर में सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। 22 जून की रात 11 बजे तक उन्होंने मोबाइल पर घर के कैमरों की लाइव फुटेज देखी थी, तब सब कुछ सामान्य था।

अगली सुबह 23 जून को पड़ोसी विनोद साहू ने फोन कर जानकारी दी कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है। घर का सामान व पेटियां खेत में बिखरी पड़ी हैं। दुर्गेश ने तुरंत मोबाइल पर सीसीटीवी कैमरे चेक किया तो बंद मिले।

### खेत में बिखरी मिली पेटियां

दुर्गेश ने बताया कि अज्ञात चोर अलमारी से 15 हजार, दादी झुनिया बाई की पेटी से 5 हजार, 10 हजार कीमत की सोने की पत्ती चोरी कर ले गए है। इसके अलावा घर से लगे चाची केकती बाई के घर का भी ताला तोड़कर 7 हजार मूल्य की चांदी की बिछिया, अंगूठी और चाबी रिंग पार कर दिया। चोरों ने तीन लोहे की पेटियों का सामान निकाल कर खेत में फेंक दिया। घटना में कुल 44 हजार का नुकसान हुआ है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पार्किंग के नाम पर बेजा वसूली

**डोंगरगढ़।** रेलवे स्टेशन की पार्किंग व्यवस्था पर नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों ने गंभीर आपत्ति जताई है। पीड़ित परिवारों का आरोप है कि पार्किंग संचालक द्वारा कुछ मिनट की देरी होने पर वाहन चालकों से पूरा शुल्क वसूला जा रहा है, जिससे यात्रियों को आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि आपत्ति दर्ज कराने पर उन्हें धमका कर दबाव बनाने का प्रयास किया जाता है। इस कथित मनमानी से नाराज नक्सल पीड़ित परिवारों ने रेलवे प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। पीड़ितों ने चेतावनी दी है कि कथित वसूली पर रोक नहीं लगी, तो वह रेलवे अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर उचित कार्रवाई की मांग करेंगे।



### अज्ञात वाहन की ठोकर से वृद्ध गंभीर

**सड़क अतरिया।** गुरूवार की सुबह चकनार गंड़ई के मध्य ठंडार चौक के समीप अज्ञात वाहन की ठोकर से एक 55 वर्षीय वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया है। गंड़ई स्वास्थ्य केन्द्र में उसका प्राथमिक उपचार कर कवर्धा रिफर किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार खैरा निवासी कृष्ण कुमार पिता दरबारी 55 वर्ष गुरूवार की सुबह मोटर साइकिल में किसी काम से गंड़ई आया हुआ था। वहां से वापस लौटते समय तकरीबन 7 बजे ठंडार चौक के समीप पहुंचा ही था कि एक अज्ञात वाहन ने जोरदार ठोकर मार कर फरार हो गया। मौके पर उपस्थिति लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दिया तथा घायल वृद्ध को गंड़ई स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आया। वृद्ध के सिर पर गंभीर चोट लगी थी। उसके परिवार वालों को सूचना देकर उसे कवर्धा रिफर किया गया। जहां उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से गौवंश की मौत

**सड़क अतरिया।** सड़क अतरिया में लगातार सड़क दुर्घटना में एक के बाद एक गौवंश की मौत हो रही है। मंगलवार की रात भाटापारा पुल के समीप एक ट्रैक्टर की ठोकर से तीन गौवंश की मौत हो गई थी। बुधवार की रात फिर अज्ञात वाहन की ठोकर से एक गौवंश की जान चली गई। गुरूवार की सुबह जब ग्रामीण उठे तो उसी भाटापारा पुल के पास बीच सड़क पर मवेशी मृत पाया गया। ग्रामीणों ने उसे सड़क से हटाया। सड़क अतरिया में लगातार हो रहे गौवंश की मौत को लेकर ग्रामीणों ने चिंता जताई है। ज्ञात हो की सड़कों पर लगातार आवारा मवेशियों की संख्या बढ़ती जा रही है तथा पशु पालक भी अपने पशुओ को रात्रि में घर ले जाने दिलचस्पी नहीं लेते हैं। नतीजन सड़क के दोनों किनारों पर मवेशी का जमघट लगा रहता है। मुख्य मार्ग में वाहनों की रफ्तार काफी तेज रहती है। रात में कभी वाहन चालक की लापरवाही तो कभी अनदेखी से गौवंश घटना का शिकार हो जाते हैं।

### देह व्यापार और नशाखोरी का बढ़ रहा मामला

# ग्रामीणों में फूटा आक्रोश, मनगट्टा रिसोर्ट बंद करने किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के मनगट्टा जंगल क्षेत्र में संचालित हो रहे रिसोर्ट में देह व्यापार और नशाखोरी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। यहां के अनैतिक कृतियों से ग्रामीण भी परेशान हो गए हैं। इसके खिलाफ अब आवाज बुलंद करते हुए ग्रामीणों ने मनगट्टा क्षेत्र में संचालित रिसोर्ट बंद करने धरना प्रदर्शन किया। इस धरना प्रदर्शन में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल भी शामिल हुई।

पिछले कुछ महीनों से मनगट्टा क्षेत्र में संचालित कई रिसोर्ट में नशाखोरी, देह व्यापार अवैध प्लाटिंग के मामले बढ़ गए हैं। हालांकि पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार छापेमारी करते हुए संबंधित रिसोर्ट संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसके बावजूद यहां अवैध कारोबार फल फूल रहा है। मनगट्टा क्षेत्र में संचालित दर्जनों रिसोर्ट में अवैध गतिविधियां हो रही है। जिसको लेकर अब ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने अवैध गतिविधियों के चलते गांव का माहौल खराब होने को लेकर अब इन रिसॉर्ट्स को बंद करवाने शासन-प्रशासन से मांग की है।

#### बढ़ रही अवैध गतिविधियां

धरना प्रदर्शन में पहुंची विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि इस क्षेत्र में अवैध कारोबार नशा बढ़ता जा रहा है। बार-बार अवैध कारोबार बंद करने मांग की गई है, लेकिन इसे किसका संरक्षण मिल रहा है। जिसके चलते कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि जिस भी रिसोर्ट में अवैध गतिविधि पाई जा रही है, उस पर कार्रवाई हो। वहीं उन्होंने अवैध प्लाटिंग पर भी कार्रवाई करने मांग की है।



#### रिसोर्ट में महीनेभर में ही दो लोगों की मौत

धरना प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि यहां एक महीने में ही दो लोगों की मौत हो गई है। पुलिस छापेमारी कार्रवाई करती है, लेकिन इससे पहले ही रिसोर्ट संचालकों को पुलिस के आने की खबर मिल जाती है। जिससे वे सतर्क होकर अवैध गतिविधियों को छुपा लेते हैं।

#### युवाओं पर पड़ रहा बुरा असर

रिसोर्ट में चल रहे नशा खोरी, देह व्यापार और अवैध गतिविधियों को लेकर यहां की महिलाओं ने कहा कि दिनभर यहां संदिग्ध लोगों का आना-जाना लगा रहता है। जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है और स्थानीय बच्चों पर भी इसका असर पड़ने की पूरी संभावना है। उन्होंने कहा कि अगर अवैध गतिविधियों में संचालित रिसोर्ट बंद नहीं किए गए तो इसके खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# वृद्ध कमरे की खिड़की से लटका मिला, सनसनी

- पुलिस ने किया मर्ग कायम, सभी पहलुओं पर जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम खैरबना में गुरुवार की सुबह उस वक्त सनसनी फ़ैल गई, जब एक 51 वर्षीय वृद्ध अपने ही घर के खिड़की में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

प्राप्त जानकारी अनुसार तिजेराम यादव पिता विशाल 51 वर्ष एवं उसका परिवार बुधवार रात को भोजन कर सो गया था। जानकारी अनुसार तिजे राम अपने कमरा में अकेला सोया था। जबकी उसकी पत्नी अन्य जगह एवं बेटा छत में सोया हुआ था। सुबह तकरीबन 5 बजे जब उसकी पत्नी उठी और तिजे के कमरे में गई तो स्तब्ध रह गई। उसका पति खिड़की में एक कपड़े के सहारे लटका हुआ था। उसकी चीख पुकार सुनकर घर के सदस्य एवं ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दिया। कुछ देर बाद छुईखदान पुलिस घटना स्थल पर पहुंची तथा मौका मुआयना किया। मामले की गंभीरता को देखते हुऐ फारेंसिंक एक्सपर्ट की भी मदद लिया गया। पंचनामा के पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए छुईखदान लाया गया। पीएम के बाद शव परिवार वालों को सौंप दिया। देर साम तक उसका दाह संस्कार किया गया।

#### पीएम रिपोर्ट से होगा खुलासा

तिजे राम लगभग चार फीट खिड़की में एक कपड़े के सहारे लटका हुआ मिला। प्रथम दृष्टि में आत्महत्या का मामला बताया जा रहा है। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है। बताया गया कि मृतक जिस खिड़की से बंधा मिला है, उसकी ऊंचाई काफी कम है। ऐसे में ग्रामीण तिजे के आत्महत्या पर संदेह जता रहे है। पुलिस को भी मौका मुआयना में कुछ संदेह है। मामला को स्पष्ट करने फारेंसिक एक्सपर्ट का सहारा लिया गया है तथा घरवालों का ब्यान लिया जा रहा है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद यह मामला स्पष्ट हो सकता है।

# पुलिस गश्त से सहमे शराबी, चौक चौराहों पर की जा रही सघन चेकिंग

- पुलिस की सक्रियता से शराबियों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

छुईखदान पुलिस द्वारा लगातार की जा रही गश्त और चौक-चौराहों पर सघन चेकिंग अभियान का असर अब साफ दिखाई देने लगा है।

पुलिस की सक्रियता से शराब पीकर सार्वजनिक स्थानों पर घूमने वाले लोगों में हड़कंप की स्थिति है। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की नियमित गश्त जारी है। शाम होते ही प्रमुख चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थलों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की टीम निगरानी कर रही है। इसके चलते खुलेआम शराबखोरी करने वालों के होश उड़े हुए हैं। वहीं, यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों पर भी पुलिस की नजर है।



तीन सवारी बैठाकर मोटरसाइकिल चलाने वाले युवक पुलिस चेकिंग देखकर रास्ता बदलते और इधर-उधर से निकलने का प्रयास करते नजर आए। पुलिस द्वारा वाहन चालकों को नियमों का पालन करने तथा सुरक्षित वाहन चलाने की समझाइश भी दी जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नियमित गश्त और चेकिंग से असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगेगा तथा नगर में कानून व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। पुलिस प्रशासन ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए नियमों का पालन करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया है।आज सर्चिंग के दौरान जय स्तंभ चौक कनड्रा पारा केंवट पारा मुकुंद सागर तलाब के पास छोटी कालोनी बस स्टैंड से लेकर सस्पेक्टेड स्थानों पर पुलिस की धमक से शराबियों के होश उड़े हुए हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी ने कहा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चौक चौराहे पर शराब पीने वालो की अब खैर नहीं।

# बैठक में सुलझी चकनार के ग्रामीणों की समस्या

## अधिकारियों ने ग्रामीणों की अन्य समस्याएं भी सुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत चकनार में गुरवार शाम को स्कूल परिसर में बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्य रूप से एसडीएम अविनाश ठाकुर, पुलिस अधिकारी मानक राम कश्यप, तहसीलदार नेहा ध्रुव, शिक्षा अधिकारी गिरेन्द्र सुधाकर सहित अन्य मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य गांव में उपजी विवाद का समाधान करना था।

ज्ञात हो कि करीब पखवाड़े भर पहले पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने सर्व सहमति से प्रस्ताव किया था कि गांव में अवैध शराब की बिक्री नहीं करना है। जिस पर पूर्णतः रोक लगाया गया है। गांव के इस प्रस्ताव को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। अधिकारियों ने ग्रामीणों की मौजूदगी में दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनकर आपसी सुलह करने कहा। एसडीएम अविनाश ठाकुर ने दोनों पक्षों को न्यालय की प्रक्रिया एवं जटिलता से अवगत कराया तथा दोनों पक्षों को गांव में आपसी भाईचारा, स्नेह एवं मानवतापूर्ण व्यवहार के साथ रहने की समझाईश दी। दोनों पक्ष आपसी सुलह कर भविष्य में विवाद की स्थिति नही आने की अपनी सहमति दी। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने ग्रामीणों की अन्य समस्याओं को भी सुनकर दूर करने का प्रयास किया। बैठक में सरपंच वंदना पटेल, लालचंद पटेल, डोगेन्द्र सोरी, पवन पटेल, यशवंत पटेल, नेमचंद पटेल, नंदिनी गंधर्व, श्रीराम, गुलशन कुमार, गोवर्धन सिन्हा, राहुल सिंह, प्रदीप जंघेल, रूपसिंह पटेल, अरविन्द जंघेल, हेमिन बाई, लता, गया राम जंघेल सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



#### शराब मुक्त बनेगा पंचायत

बैठक में सरपंच वंदना लालचंद पटेल ने कहा कि गांव की महिलाएं लम्बे समय से शराब की अवैध बिक्री पर रोक लगाने का प्रयास कर रही हैं। पूरे क्षेत्र के लोग नर्मदा मैय्या पर गहरी आस्था रखते हैं। लोगों की इस आस्था एवं गांव के बिगड़ रहे माहौल को देखते हुऐ पंचायत एवं ग्रामीणों ने सर्व सहमति से शराब बिक्री पर रोक लगाने का प्रस्ताव किया है। इस नियम का पालन कर गांव को आदर्श पंचायत बनाना है।

#### पहल की हुई सराहना

बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने गांव में अवैध शराब बिक्री पर रोक तथा सार्वजनिक स्थल में पीने पिलाने पर लगाए प्रतिबंध की सरहाना किया। श्री कश्यप ने कहा कि गांव में अवैध शराब बेचना अपराध है। जिसे कानून से सजा का प्रावधान है। गांव में अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने का नियम प्रशंसनीय है। गांव का नियम गांव के विकास और उन्नति के लिए होता है। जिस पर सब की रजा मंदी होना आवश्यक है।

# नीट पेपर लीक सरकार की कमजोरी, शिक्षा मंत्री इस्तीफा दें

## छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ : जिला महामंत्री कांग्रेस कमेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री पं. मिहिर झा और आकाशदीप सिंह ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह घटना छात्रों के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की निष्क्रियता और कमजोर व्यवस्था के कारण नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा की गोपनीयता भंग हुई, जिससे लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है। इस संबंध में शिक्षा मंत्री को त्यागपत्र दे देना चाहिए।




आज हुई प्रेसवार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव ने कहा कि छात्र वर्षों तक कठिन परिश्रम कर नीट परीक्षा की तैयारी करते हैं। कई विद्यार्थी अपने घर-परिवार से दूर रहकर कोटा एवं अन्य कोचिंग संस्थानों में अध्ययन करते हैं और परीक्षा का इंतजार करते हैं, लेकिन पेपर लीक जैसी घटनाओं ने उनकी वर्षों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। आज कई छात्र सदमे में है उनके माता पिता परेशान है। इसके लिए ये सरकार जिम्मेदार है। हम नीट पेपर लीक मामले का सीबीआई जांच चाहते हैं। जिला कांग्रेस कमेटी द्वार आयोजित प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी के चार महामंत्री क्रमशः. मिहिर झा, आकाश दीप सिंह, सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकुमार पटेल उपस्थित थे। महामंत्री द्वय ने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सकें।

# अवांक्षित कारोबार से युवाओं का जीवन पड़ते जा रहा खतरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

शहर सहित आसपास क्षेत्र में अवांछित गतिविधियों के बढ़ने से लाइलाज रोग के प्रकोप का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। इस रोग के प्रकोप से युवाओं का जीवन खतरे में आ सकता है। युवाओं के भविष्य पर सवाल उठने के बाद संदिग्ध गतिविधियों और अवांछित करोबार पर अंकुश लगाने की दिशा में प्रशासनिक पहल नहीं हो रही है।

शहर के विकास के साथ बीते कुछ सालों में अवांछित गतिविधियों में भी वृद्धि हुई है। शहर के पुराने बस स्टैंड सहित विभिन्न वार्डों में शराब, गांजा की बेरोकटोक बिक्री हो रही है। पुराने बस स्टैंड में शाम ढलने के बाद ऐसे लोग सक्रिय हो जाते है जो शराब बेचते है। कुछ लोग तो शराब की होम डिलीवरी भी कर रहे हैं।

#### खुलेआम पीने की छूट

शहर सहित अन्य गांव में चल रही शराब दुकानों के आसपास बिना लाइसेंस के चखना सेंटर चल रहे है। कोकपुर, खुज्जी, अर्जुनी सहित डोंगरगांव में अवैध चखना सेंटरों की संख्या बढ़ रही है वहीं ठेलों और कुछ होटलों में शराब पीने की सुविधा मुहैया कराया जा रहा है। क्षेत्र के कुछ गांवों में बेरोकटोक शराब बिकते देखा जा सकता है।

#### पनपा गंदा धंधा

बीते कुछ सालों में गंदा धंधा तेजी से पनप रहा है। शहर और आसपास इलाके में ऐसे ठिकाने बन गए है जहां आए दिन अनैतिक काम होता है। कुछ ऐसे भी अड्डे भी है जहां युवक युवतियों को कमरे मुहैया कराया जाता है। इस काले कारोबार की जानकारी प्रशासन को भी है किंतु दावा किया जा रहा है कि राजनीतिक संरक्षण के कारण कार्रवाई नहीं हो रही है जिसका गंर खामियाजा आने वाले सालों में सारे समाज को भुगतना पड़ेगा।

### गाजे बाजे के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा

# महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ रहटादह की प्रदेश स्तरीय महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती राजिम में केंद्रीय अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। विभिन्न कार्यक्रमों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे, धुमाल, युवक-युवतियों द्वारा तलवारबाजी का प्रदर्शन और महाराणा प्रताप अमर रहे, जय राजपुताना, जय महाराणा के गगनभेदी नारों के साथ राजिम का भ्रमण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक रोहित साहू ने कहा कि महाराणा प्रताप स्वाधीन अखंड भारत के लिए अपना पूरा जीवन न्यौछावर कर दिया। हम सब कृतज्ञ है, उनके आदर्शों में चलने की जिम्मेदारी है हम सबकी। राजपूत समाज के भवन हेतु विधायक निधि से 15 लाख देने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्री यादव ने महाराणा के जीवन को संघर्षपूर्ण, सबका साथ लेते जीवन में वीरता की छाप छोड़ी है। उन्होंने राजिम के लिए भूमि आबंटन में पूरा सहयोग देने की बात कही। विशिष्ट अतिथि हस्त शिल्प विकास बोर्ड राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने भी संबोधित कर हरसंभव मदद करने की बात कही।




कार्यक्रम में नरेन्द्र सिंह ठाकुर, पंकज सिंह भुवाल, नीरज सिंह क्षत्री, अशोक ठाकुर, सत्येन्द्र राजपूत, घनश्याम सिंह चौहान, अजय सिंह, जितेन्द्र सिंह, रश्मि सिंह, मधुबाला सिंह, अनुराग सिंह, महेंद्र सिंह क्षत्रीय, मुकेश सिंह, अनुराग सिंह, महेंद्र सिंह, आदर्श सिंह का योगदान रहा। उक्त जानकारी केन्द्रीय मीडिया सेल प्रमुख आदर्श सिंह ने दी।

#### एकता की बात

अध्यक्षता करते महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस ने प्रदेश के 37 उपसमिति से आए स्वजनों का स्वागत करते उल्लेखित किया कि महाराणा प्रताप हमारे जीवन के आराध्य है। सबको साथ लेकर स्वाधीनता के लिए संघर्ष करते किसी के सामने न झुकने की वीरगाथा का अनुशरण करते सांगठनिक एकता और विकास की बात कही। प्रथम सत्र में नरेन्द्र सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने भी संबोधित किया। स्वागत भाषण राजिम अध्यक्ष मुकेश सिंह, अनुराग सिंह, युवा अध्यक्ष ने दिया। आकाश सिंह सभापति ने भी समाज के लिए अपनी बात रखी।

# व्यापार अनुज्ञापन शुल्क में वृद्धि से चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन सुरिन्दर सिंह, जीवत बजाज, महामंत्री अवनीत सिंह, कोषाध्यक्ष विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, वासु माखीजा, राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी एवं शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाईस चेयरमेन अमर पारवानी के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री अरुण साव से सौजन्य मुलाकात कर छत्तीसगढ़ नगर पालिका व्यापार अनुज्ञापन (ट्रेड लाइसेंस) नियम, 2025 के अंतर्गत व्यापार अनुज्ञापन शुल्क में की गई वृद्धि के संबंध में व्यापारियों की चिंता से अवगत कराया।

कैट छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि मंडल ने उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते कहा कि प्रदेश का व्यापारी वर्ग राज्य की अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन तथा राजस्व वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में व्यापार अनुज्ञापन शुल्क में अत्याधिक वृद्धि से विशेष रूप से छोटे एवं मध्यम व्यापारियों, पारिवारिक व्यवसायों तथा स्थानीय बाजारों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ सकता है। व्यापार करने की सुगमता को ध्यान में रखते शुल्क संरचना का युक्तिसंगत एवं व्यावहारिक होना आवश्यक है। कैट ने आग्रह किया कि नवीन शुल्क संरचना की पुनर्समीक्षा कर व्यापारी हितों एवं व्यावहारिक आवश्यकताओं के अनुरूप संतुलित व्यवस्था बनाई जाए।

#### व्यापारियों ने उपमुख्यमंत्री से की मुलाकात

उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने प्रतिनिधि मंडल की बातों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा विषय पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शासन व्यापारियों के हितों एवं प्रदेश के आर्थिक विकास दोनों के प्रति समान रूप से प्रतिबद्ध है तथा प्राप्त सुझावों का परीक्षण कर उचित निर्णय की दिशा में विचार किया जाएगा। अमर पारवानी ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ एवं विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में व्यापारी वर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका है तथा शासन एवं व्यापारिक समुदाय के समन्वित प्रयासों से प्रदेश की आर्थिक प्रगति को नई गति मिलेगी। परमानंद जैन ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त करते विश्वास जताया कि शासन एवं व्यापारिक संगठनों के सकारात्मक संवाद से प्रदेश के लाखों व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते व्यावहारिक एवं संतुलित समाधान सामने आएगा। उपमुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान अमर पारवानी, विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन, जीवत बजाज, अवनीत सिंह, राम मंधान, निलेश मुंदडा, बलराम रोहरा, सुशील लालवानी, अमित गुप्ता एवं वरूण रोहरा शामिल रहे।

## सार समाचार

### पांच छात्रों का स्पर्धा के लिए चयन

**राजनांदगांव।** नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री के पांच प्रतिभाशाली छात्रों का चयन 9वीं राज्य स्तरीय जूनियर बालक रग्बी सेवन टूर्नामेंट चौंपियनशिप-2026 के लिए हुआ है। चयनित खिलाड़ी कोरबा में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में अपनी खेल प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। चयनित खिलाड़ियों में सौम्य साव, अनुज सिंह, लक्ष्य गजेन्द्र, नमन साहू और लव वर्मा शामिल हैं। इनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्य भारती गौते, शाला निदेशकगण एवं खेल विभाग प्रभारी हिमांशु यादव, खेल शिक्षक निसार अब्बास सहित शाला परिवार ने खिलाड़ियों को इस शानदार उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी।



### एकादशी पर वृद्धजनों को कराया भोजन

**राजनांदगांव।** कान्यकुब्ज महिला मंडल राजनांदगांव की महिलाएं 25 जून को भीमसेनी, निर्जला एकादशी के अवसर पर समता वृद्धाश्रम पहुंची। महिला मंडल अध्यक्ष ममता अवस्थी के नेतृत्व में महिलाओं ने वृद्धजनों को एक वक्त का भोजन खुद परोस कर कराया। साथ ही अन्य सामग्रियां भी प्रदान की। कान्यकुब्ज महिला मंडल राजनांदगांव की अध्यक्ष ममता अवस्थी ने बताया कि आज भीमसेनी एकादशी जिसे सभी एकादशी में उत्तम माना जाता है। बिना पानी पिए निर्जला व्रत रखा जाता है। इस पुण्य मौके पर समता वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को एक समय का भोजन कराकर महिलाओं ने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इतना ही नहीं कान्यकुब्ज महिला मंडल ने वृद्धों के बीच भजन का कार्यक्रम आयोजित कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। वृद्धजनों को नेपकिन सहित बिस्किट्स तथा दैनिक जीवन में उपयोगी सामग्री प्रदान की गई।



### छात्रों ने सिकलसेल रोकथाम शिविर में लिया हिस्सा

**राजनांदगांव।** अशोका आईटीआई के छात्रों ने विश्व सिकलसेल दिवस के उपलक्ष्य में 19 जून को स्थानीय क्षेत्रीय संयोजित केंद्र में आयोजित एक दिवसीय सिकल सेल रोकथाम एवं जागरूकता शिविर में हिस्सा लिया। सीआरसी की डायरेक्टर इस्मिता महोबिया द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर शासकीय मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव के चिकित्सक डॉ. अनिल चंद्रा एवं जिला माइक्रो बायोलॉजिस्ट वंदना द्वारा सिकलसेल जैसी गंभीर बीमारी की रोकथाम और प्रारंभिक अवस्था में ही इसकी पहचान व निवारण के विषय में विस्तार से समझाया। अशोका आईटीआई में संचालित विभिन्न ट्रेड कोर्स कोपा, स्टेनो तथा इलेक्ट्रीशियन के लगभग 60 विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। छात्रों ने कार्यक्रम से मिली जानकारी को अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर अन्य लोगों तक पहुंचाने का संकल्प लिया।




# श्रद्धालुओं ने लिया धर्मलाभ, आचार्य के सान्निध्य में प्रतिष्ठित हुए जिनबिंब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सनसिटी कॉलोनी में परम पूज्य शासन प्रभावक आचार्य भगवंत जिनपीयूष सागर सूरीश्वर म.सा. आदि ठाणा की पावन निश्रा एवं प्रेरणा में आयोजित दो दिवसीय चल मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव आज संपन्न हुआ। प्रतिष्ठा महोत्सव में राजनांदगांव सहित आसपास के विभिन्न नगरों से हजारों की संख्या में जैन समाज के श्रद्धालुजन उपस्थित हुए।

प्रातः शुभ मुहूर्त में जैन परंपरा के अनुसार विधि-विधानपूर्वक मूलनायक पार्श्वनाथ परमात्मा, आदिनाथ परमात्मा एवं दादागुरुदेव जिनकुशल सूरीश्वर महाराजा की प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई। महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। प्रतिष्ठा महोत्सव के पावन अवसर पर जिनशासन की प्रभावना हेतु विभिन्न पुण्य लाभ ग्रहण करने वाले लाभार्थी परिवार मूलनायक पार्श्वनाथ परमात्मा की प्रतिष्ठा लाभार्थी परिवारः रमेशचंद संदेश मयूर ललवानी परिवार, आदिनाथ परमात्मा की प्रतिष्ठा लाभार्थी परिवार रामलाल मिश्रीलाल गोलछा परिवार, दादागुरुदेव जिनकुशल सूरीश्वर महाराजा की प्रतिष्ठा लाभार्थी परिवार दीपचंद इंदरचंद चोपड़ा परिवार, प्रतिष्ठा महोत्सव की पूर्णाहुति के पश्चात सायं लगभग 6 बजे परम पूज्य आचार्य भगवंत का मंगल विहार दुर्ग की ओर हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भावभीनी विदाई देकर गुरु भगवंत से पुनः शीघ्र राजनांदगांव पधारने की मंगल कामना की।



इस महोत्सव को सफल बनाने में तीर्थकर समवशरण जिनालय एवं दादा बाड़ी ट्रस्ट, सनसिटी के अध्यक्ष रमेश ललवानी, सचिव नीरज कोटडिया, संरक्षकगण प्रेमचंद गोलछा, मिश्रीलाल गोलछा, आनंद चोपड़ा (पप्पी), विनोद बोहरा, प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के संयोजक गुलाब गोलछा, सहसंयोजक वैभव गोलछा (लल्ला), सचिव अक्षय सांखला, कोषाध्यक्ष दीपक कोठारी तथा सनसिटी परिवार के समस्त सदस्यों ने भरपूर योगदान दिया।

#### ऐतिहासिक आयोजन

महोत्सव के सफल आयोजन पर प्रतिष्ठा महोत्सव संयोजक गुलाब गोलछा ने सनसिटी परिवार, जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ, सकल जैन श्रीसंघ, नगर की समस्त धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं, मंदिर समिति, प्रतिष्ठा समिति, सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, लाभार्थी परिवारों, दानदाताओं तथा प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से तन, मन एवं धन से सहयोग प्रदान करने वाले प्रत्येक धर्मप्रेमी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक सहयोग, समर्पण एवं अथक परिश्रम के कारण ही यह महोत्सव ऐतिहासिक, भव्य एवं पूर्णतः सफल बन सका।

### स्टॉप डैम में बालक डूबा



हरिभूमि न्यूज ⏭ चिचोला

स्टाप डैम में नहाने गए एक बालक की डूबने से मौत हो गई। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने शव बरामद कर लिया है। इस घटना से गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गई है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार छुरा नदी रंगीटोला स्टाप डैम में लगभग 15 वर्षीय बालक अपने भाई के साथ नहाने के लिए दोपहर लगभग 3 बजे गया हुआ था। बताया गया कि वह नहाने के लिए डैम में कूदा, तब डूब गया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। जिसकी खोजबीन की गई। काफी मशक्कत बाद बालक के शव को बाहर निकाला जा सका, जिसे छुरिया चिकित्सालय भेजा गया है। इधर इस घटना से गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गई है।

## तीन भारतीय नाविकों की मौत, स्वदेशी जागरण मंच ने निकाला आक्रोश मार्च

■ अमेरिका के खिलाफ लगाए नारे

**राजनांदगांव।** ओमान की खाड़ी के पास कमर्शियल जहाज पर अमेरिकी नौसेना द्वारा की गई गोलीबारी में तीन भारतीय नाविकों की मौत के मामले में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा बुधवार को आक्रोश मार्च निकाला गया, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कलेक्टर कार्यालय तक पहुंची। यहां उन्होंने कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम भारतीयों की सुरक्षा के लिए ज्ञापन सौंपा।



स्वदेशी जागरण मंच द्वारा भारतीय नागरिकों की हत्या के मामले में अमेरिका के खिलाफ नारेबाजी की गई और इस मामले में दोषियों को सजा देने मांग करते आक्रोश व्यक्त किया गया। स्वदेशी जागरण मंच के लोगों ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियों ने कई देशों को युद्ध की ओर धकेल दिया है।

#### रैली निकालकर विरोध

स्वदेशी जागरण मंच द्वारा शहर के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर चौक पर एकत्रित होकर रैली निकाली गई और कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु साव, शिव वर्मा, कमलेश बैद, राजकुमार गुप्ता, मोना गोसाई, राकेश ठाकुर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और अन्य उपस्थित थे।

## निजी स्कूल शिक्षक द्वारा छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला, सेन समाज ने की फांसी देने मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सेन समाज की एक छात्रा के साथ बिलासपुर के एक निजी स्कूल शिक्षक द्वारा लगातार यौन शोषण किए जाने के मामले को लेकर समाज के लोगों ने आक्रोश जताया और राज्यपाल के नाम ज्ञापन देकर शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते उसे फांसी देने मांग की।

बिलासपुर में छात्रा के साथ शिक्षक द्वारा लगातार दुष्कर्म किए जाने के मामले को लेकर सेन समाज के लोगों में घटना को लेकर आक्रोश है। राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे सेन समाज के लोगों ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने मांग की। सेन समाज की महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष निशा श्रीवास ने कहा कि शिक्षक द्वारा छात्रा का लगातार यौन शोषण किया जाता रहा। छात्रा ने वहां के अन्य शिक्षक, प्राचार्य को भी इस मामले की जानकारी दी, लेकिन प्रबंधन समिति ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि ऐसे शिक्षक को यहां होना ही नहीं चाहिए, उसे फांसी दिया जाए।



#### सप्ताहभर का दिया अल्टीमेटम

सेन समाज के जिला कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कौशिक ने कहा कि इस मामले में एफआईआर करने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने शिक्षक के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग करते कहा कि पूरे प्रदेश में सेन समाज के लोग उस घटना से आक्रोशित हैं। उन्होंने कहा कि समाज द्वारा एक सप्ताह का समय कार्रवाई के लिए दिया जा रहा है, अगर कार्रवाई नहीं हुई तो सभी सड़क पर उतरेंगे।

#### जांच टीम गठित करने मांग

सेन समाज द्वारा अपने ज्ञापन में मांग की गई है कि बिलासपुर के सिरगिट्टी स्थित सेंट जेवियर स्कूल में नाबालिग बच्ची के साथ हुए यौन शोषण के आरोपी को फांसी की सजा और स्कूल प्रबंधन के विरुद्ध जांच टीम गठित कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। समाज द्वारा कहा गया कि विगत कई महीनों से शिक्षक द्वारा लगातार एक नाबालिग बच्ची को डरा-धमकाकर बलात्कार किया जाता रहा। आरोपी को कड़ी सजा मिलने से समाज में संदेश जाएगा और इस तरह के अपराधियों में भय आएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में सेन समाज के लोग उपस्थित थे।

## किसानों को 43 हजार मीट्रिक टन खाद व 11 हजार क्विंटल बीज वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में खरीफ सीजन में खेती-किसानी के लिए तैयारी जोरों पर है और किसानों में उत्साह है। किसान को सहकारी समितियों के माध्यम से खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले में 68960 मीट्रिक टन उर्वरक के लक्ष्य रखा गया है, लक्ष्य के विरूद्ध 54393 मीट्रिक टन का भंडारण किया जा चुका है। जिसमें सरकारी क्षेत्र में 39088 मीट्रिक टन एवं निजी क्षेत्र में 15304 मीट्रिक टन का भंडारण किया गया है।



भंडारित उर्वरकों का वितरण किसानों को समितियों के माध्यम से 31352 मीट्रिक टन का वितरण किया जा चुका है एवं निजी क्षेत्र से भी 11676 मीट्रिक टन का वितरण किसानों को हो चुका है। इसी प्रकार कुल 43028 मीट्रिक टन का वितरण हो गया है। वर्तमान में समितियों में यूरिया उर्वरक 3768 मीट्रिक टन, डीएपी 436 मीट्रिक टन, एनपीके खाद 1126 मीट्रिक टन, सिंगल सुपर फास्फेट 1274 मीट्रिक टन एवं पोटाश 1130 मीट्रिक टन कुल 7736 मीट्रिक टन उर्वरक समितियों में वर्तमान में उपलब्ध है। इसके साथ ही निजी क्षेत्र में 3628 मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है।

इसी प्रकार खरीफ 2026 के लिए धान सहित विभिन्न दलहनी एवं तिलहनी फसलों के लिए 14331 क्विंटल बीज की मांग का आंकलन किया गया है। इसके विरूद्ध अब तक 14288 क्विंटल बीजों का भंडारण सहकारी समितियों में किया जा चुका है। किसानों द्वारा लगातार बीजों का उठाव किया जा रहा है तथा अब तक 11544 क्विंटल बीजों का वितरण किया जा चुका है। कृषि विभाग द्वारा किसानों से खरीफ फसलों की बुआई के लिए आवश्यक खाद एवं बीज का समय पर उठाव करने तथा संतुलित उर्वरक प्रबंधन अपनाकर बेहतर उत्पादन प्राप्त करने की अपील की है।

## गोदाम से अनाज चोरी करने के फरार दो आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** गोदाम से अनाज चोरी के मामले में पुलिस ने फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन एवं नगदी रकम बरामद किया गया है। पूर्व में इस मामले में दो आरोपियों पर कार्रवाई की जा चुकी है।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने 3 जून की रात्रि रिपोर्ट दर्ज कराया कि औद्योगिक क्षेत्र ममता नगर स्थित दुलीचंद शिवचंद पारख फर्म संचालित है, जहां अनाज का गोदाम से अज्ञात आरोपियों द्वारा अनाज, चना खंडा, सोयाबीन, मसूर जुमला कीमती लगभग 4,50,000 रुपए को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331 (3), 305 बीएनएस पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान राहुल कुर्रे निवासी पुराना ढाबा एवं दिनेश साहू निवासी शिवनगर ढाबा रोड़ को पतासाजी कर उनके कब्जे से अनाज बिक्री रकम 7,900 रुपए जब्त कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश व मार्गदर्शन में निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में प्रकरण के 2 फरार आरोपियों की लगातार पतासाजी किया जा रहा था। मुखबीर की सूचना पर 25 जून को फरार आरोपी यादराम वर्मा निवासी शांतिनगर एवं नरेन्द्र कुमार साहू निवासी चिखली को पतासाजी कर हिरासत में लिया गया। पुलिस के अनुसार पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने पर अनाज बिक्री के नगदी रकम 3000 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन को जब्त कर मामले में विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

### रानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर आयोजन



**राजनांदगांव।** शहर के रेवाडीह वार्ड में वीरांगना रानी दुर्गावती की 462वीं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बलिदान दिवस के अवसर पर स्वाभिमान एवं मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाली रानी दुर्गावती के बलिदान को याद किया गया। उपस्थितजनों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अद्वितीय शौर्य, त्याग एवं राष्ट्रभक्ति को नमन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लेखराम मात्रा ने की। उन्होंने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती ने समाज को अपनी संस्कृति, स्वाभिमान और अधिकारों की रक्षा हेतु जागरूक रहने का संदेश दिया है। कार्यक्रम में रोम सिंह मंडलोई, पुरंदर उइके, गणेश्वर पटेल, प्रहलाद ठाकुर, अलेंद्र ठाकुर, ईश्वर चंद्रवंशी,देव सिंह अमेला, श्री सलामे सहित रेवाडीह वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान सभी ने वीरांगना रानी दुर्गावती के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## चुनावी घोषणा पत्र में किए वादे पूरा करने की मांग

■ ठेका प्रथा पर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चुनावी घोषणा पत्र मोदी की गारंटी में किए गए वादों को पूरा करने की मांग को लेकर मितानिन कर्मचारी, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर और ब्लाक को-ऑर्डिनेटरों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर शीघ्र सभी मांगों को पूरी करने गुहार लगाई है।

ज्ञापन देने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची मितानिनों ने कहा कि चुनावी घोषणा पत्र मोदी की गारंटी में घोषणा किया गया था कि मितानिन कर्मचारियों के मानदेय में 50 प्रतिशत वृद्धि किया जाएगा और मितानिन कर्मचारियों को एनएचएम अंतर्गत संविलियन किया जाएगा, लेकिन इसके विपरीत प्रशासन द्वारा पुनः मितानिन कार्यक्रमों का संचालन निजी संस्था को दे दिया गया है। जिससे प्रदेश के सभी मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर एवं ब्लाक को-ऑर्डिनेटर निराश हैं।

#### ठेका प्रथा से आक्रोश

प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ के बैनर तले मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर और ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर को एनएचएम अंतर्गत संविलियन किए जाने मांग की गई है। वहीं उन्होंने कहा कि मितानिन कार्यक्रम में कार्यरत मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर एवं ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर निजी संस्था एनजीओ अंतर्गत कार्य नहीं करेंगे, वहीं शासन ठेका प्रथा बंद करने मांग की है।

### एसपी अंकिता शर्मा ने जिले के 300 अधिकारी-कर्मचारियों से किया संवाद

# पुलिसिंग को प्रभावी, जनोन्मुखी बनाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस द्वारा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के व्यक्तित्व विकास, कार्यकुशलता में वृद्धि, अनुशासन सुदृढ़ीकरण तथा बेहतर पुलिसिंग के उद्देश्य से दक्ष ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पुलिस बल के लगभग 300 अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने पुलिस सेवा के दौरान आने वाली विभिन्न चुनौतियों, मानसिक दबाव, कार्य संबंधी कठिनाइयों एवं व्यवहारिक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बताया कि छोटी-छोटी लापरवाहियां एवं विभागीय नियमों की अनदेखी कई बार गंभीर परिणाम उत्पन्न कर देती है। जिसके कारण कर्मियों को विभागीय जांच, पुलिस लाइन अटैचमेंट अथवा निलंबन जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है।



#### आमजन से सकारात्मक व्यवहार बनाएं

पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट रूप से उन त्रुटियों एवं कमियों की जानकारी दी, जो प्रायः कार्य के दौरान देखने में आती है तथा जिनसे विभाग की छवि प्रभावित होती है। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों को अनुशासन, संवेदनशीलता, पारदर्शिता, समयबद्ध कार्रवाई एवं आमजन के प्रति सकारात्मक व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अधिकारी-कर्मचारियों से खुलकर संवाद किया तथा उन्हें अपने विचार, सुझाव एवं समस्याएं रखने का अवसर प्रदान किया। जवानों एवं अधिकारियों द्वारा पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी, जनहितैषी एवं आधुनिक बनाने के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए गए। साथ ही विभिन्न विषयों पर प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारी-कर्मचारियों ने बेझिझक अपने प्रश्न रखे।

#### आत्मविश्वास का संचार

प्रश्नोत्तर सत्र में उत्कृष्ट सहभागिता करने, महत्वपूर्ण सुझाव देने तथा सकारात्मक पहल प्रस्तुत करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को एसपी द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित एवं पुरस्कृत भी किया गया। इस पहल से अधिकारी-कर्मचारियों में विशेष उत्साह एवं आत्मविश्वास का संचार हुआ। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन, अलेक्जेंडर किरो, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केपी मरकाम सहित जिले के समस्त थाना प्रभारी व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

#### कार्यक्रम की सराहना

अधिकारी-कर्मचारियों ने दक्ष ओरिएंटेशन कार्यक्रम की मुक्तकंठ से सराहना करते कहा कि इस प्रकार के संवादात्मक कार्यक्रमों से वरिष्ठ अधिकारियों एवं अधीनस्थ कर्मचारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होता है तथा पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने में सहायता मिलती है। सभी ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की अपेक्षा व्यक्त करते पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम के समापन पर पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों से जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने, कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा राजनांदगांव पुलिस की सकारात्मक छवि को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया।

## खाद संकट को लेकर धरना प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** जिले में धान की बोनी के पहले ही किसानों की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही है। सोसाइटियों में खाद की किल्लत और खुले बाजार में हो रही कालाबाजारी से किसान परेशान हैं। किसानों की समस्याओं को लेकर गुरुवार को जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने राजनांदगांव कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर सोसाइटियों में खाद की कटौती को बंद करने और किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने मांग की है।

जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी द्वारा सहकारी सोसाइटियों में खाद की कटौती को लेकर धरना प्रदर्शन करते कहा गया कि किसानों को पहले प्रति एकड़ 2 बोरी डीएपी और 4 बोरी यूरिया दिया जाता था। अब नए आदेश में मात्रा घटाकर सिर्फ 1 बोरी डीएपी और 2 बोरी यूरिया ही दे रहा है। जिससे किसानों के सामने खाद का संकट है। धरना प्रदर्शन के माध्यम से सरकार को चेतावनी देते कहा गया कि आगामी दिनों में अगर किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं होता है और डीएपी-यूरिया की कमी दूर नहीं की जाती है, तो एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा।



#### कागजी कार्रवाई सरलीकरण करने की रखी मांग

सोसाइटियों में खाद लेने किसानों को चक्कर काटना पड़ रहा है। खाद देने के लिए किसानों से करवाई जा रही कागजी कार्रवाई को सरलीकृत करने और 2-3 दिन के भीतर खाद उपलब्ध कराए जाने मांग की गई है।

#### नैनो खाद लेने का दबाव

धरना प्रदर्शन के माध्यम से कहा गया कि किसानों पर सोसाइटियों में जबरन नैनो यूरिया, सल्फर और बायो-फर्टिलाइजर खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है। जिससे गरीब किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। समय पर खाद न मिलने के कारण किसान निजी दुकानों से महंगे दामों पर खाद खरीदने को मजबूर हैं।

**खबर संक्षेप**

## बदना में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के सुदूर वनांचल क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक स्कूल बदना में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती व भारत माता के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर किया गया इस अवसर पर नवप्रवेशी बालक-बालिकाओं को तिलक लगाकर पाठ्य पुस्तक प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के समाजसेवक अशोक मरावी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए और नवप्रवेशी बालक-बालिकाओं को नया कक्षा में प्रवेश पर शुभकामनाएं दी और सभी बच्चों को कापी पेन भी दी और अशोक मरावी ने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा न केवल ज्ञान प्राप्त करने का साधन है, बल्कि यह हमारे जीवन का आधार है। यह हमें आत्मनिर्भर बनातीं हैं, सही गलत के बीच फर्क सिखातीं हैं और व्यक्तिगत व सामाजिक विकास सुनिश्चित करती हैं,यह हमें अपने अधिकारों कर्तव्यों और दुनिया की समझ देती हैं शिक्षित व्यक्ति किसी भी समस्या का तर्कपूर्ण समाधान निकालने में सक्षम होता हैं और बताया कि आज वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस भी हैं जिन्होंने अपने प्राणों कि आहुति देकर स्वाभिमान और स्वतंत्रता की रक्षा की जल जंगल की लड़ाई लड़ी और अंत में सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य कि शुभकामनाएं दी।

## 28 को पीएटी-पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा होगी आयोजित

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित पीएटी/पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा-2026 का आयोजन 28 जून 2026 (रविवार) को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक किया जाएगा। जिले में परीक्षा के लिए कुल 2 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 277 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु प्रत्येक परीक्षा केंद्र में कलेक्टर कार्यालय की ओर से एक-एक पर्यवेक्षक तथा समन्वयक केंद्र की ओर से एक-एक पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। परीक्षा के दौरान अनुचित एवं अनैतिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है।

**न्यायालय तहसीलदार कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**!! ईश्तहार !!**

ई कोर्ट नं.........ब / 121 / वर्ष 2025-26
ग्राम-कवर्धा प.ह.नं.-13

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम कवर्धा प.ह.नं.-13, रा.नि.मं.कवर्धा, तहसील कवर्धा को सूचित किया जाता है कि आवेदक सीताराम साहू आ. रूराम साहू निवासी ग्राम कवर्धा तहसील कवर्धा जिला कबीरधाम (छ. ग.) द्वारा ग्राम कवर्धा में अपने पुत्री अंजनी साहू की जन्म दिनांक 17.05.1987 का जन्म-मृत्यु पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार / नगर पालिका परिषद कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग. जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9(3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र एवं विलम्बित जन्म-मृत्यु का पंजीयन किए जाने प्रस्तुत शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र (जिला योजना एवं सांख्यिकी) आधार कार्ड की फोटोप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है जिसकी सुनवाई दिनांक 30.06.2026 को नियत किया गया है।

अतः आवेदक अपने पुत्री अंजनी साहू पिता सीताराम साहू के जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वंय अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत समय व तिथि तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 22.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 22.06.2026
पेशी दिनांक- 30.06.2026

मुहर

तहसीलदार
कवर्धा

### प्रशासनिक ढिलाई के चलते, आज उसी जमीन पर फिर से हल चल रहे

# वन विभाग की नाक के नीचे चल रहा जंगल राज, भू-माफिया का दोबारा कब्ज़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवा गोड़ान

एक तरफ सरकार हर साल करोड़ों रुपए फूंककर पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण और 'हरियर छत्तीसगढ़' के बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है।

पंडरिया वन परिक्षेत्र से एक बेहद चिंताजनक मामला सामने आया है, जहां वन विभाग की आंखों के सामने ही वन भूमि पर दोबारा अवैध कब्जा शुरू हो गया है। दबंगों द्वारा पहले बेरहमी से पेड़ों की कटाई की गई और अब उस साफ की गई जमीन पर खुलेआम ट्रैक्टर चलाकर खेती की तैयारी की जा रही है। कार्रवाई बेअसर, हौसले बुलंद पिछले साल अक्टूबर 2025 में वन विभाग ने इसी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 13 एकड़ वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया था और वहां पौधे भी लगवाए थे। लेकिन प्रशासनिक ढिलाई के चलते, आज उसी जमीन पर फिर से हल चल रहे हैं।

पंडरिया नगर से महज 5 किलोमीटर दूर बदौरा मार्ग, जामुनपानी, कुल्ही और विशेषकर क्रांति जलाशय के डूब क्षेत्र कक्ष क्रमांक- 498 में बड़े पैमाने पर जंगलों को साफ किया जा रहा है। भू-माफिया अब तक 7 एकड़ से अधिक वन भूमि को खेत में तब्दील कर चुके हैं।

साइकिलों पर ढोई जा रही 'जंगलों की सांसे बदौरा और आसपास के जंगलों से रोजाना 40 से 50 साइकिलों में भरकर जलाऊ और बेशकीमती लकड़ियां विभागीय जांच नाके और विभाग के अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय के सामने से खुलेआम बाहर निकाली जा रही हैं। एक-एक साइकिल दिन में 2 से 3 चक्कर लगा रही है। यह अवैध लकड़ी शहर के होटलों, ढाबों और व्यावसायिक केंद्रों में खपाई जा रही है, लेकिन वन अमला सिर्फ औपचारिक कार्रवाई कर पल्ला झाड़ लेता है।

### सैटेलाइट मैप में दिख रहा सच, पर स्थानीय अफसरों की आंखें बंद



तकनीक के इस दौर में जहां दिल्ली की केंद्रीय एजेंसियों और रायपुर मुख्यालय में बैठे आला अधिकारी सैटेलाइट मैप डेटा और गूगल अर्थ के टाइम-लैप्स मैप के जरिए पंडरिया के जंगलों का सिकुड़ना साफ देख पा रहे हैं, वहीं स्थानीय वन विभाग और वन विकास निगम के मैदानी अफसरों को यह नजर नहीं आ रहा। महज 5 किमी की दूरी पर ट्रैक्टर चलाकर खुलेआम जंगल उजाड़ा जा रहा है, जो अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

### विभागीय संरक्षण में कर्मचारी की मनमानी मुख्यालय से रहते है गायब

जंगलों की सुरक्षा की सबसे पहली जिम्मेदारी वन रक्षक, चौकीदार और मैदानी अमले की होती है। लेकिन आरोप है कि ये कर्मचारी अपने निर्धारित मुख्यालयों में रहने के बजाय नदारद रहते हैं। जिसकी जानकारी विभाग के अफसरों को भी है मगर ऐसे कर्तव्य विमुख कर्मियों पर कभी कार्यवाही नहीं होने से इन आरोपों की पुष्टि होती है कि अकर्मण्य कर्मियों को अधिकारियों का पूरा संरक्षण प्राप्त है विभाग की इसी लचर व्यवस्था का फायदा उठाकर वन तस्कर और अतिक्रमणकारी बेखौफ होकर जंगलों को तबाह कर रहे हैं।

### जांच पूरी होते ही दोषियों पर होगी कड़ी और प्रभावी कार्रवाई

बदौरा व क्रांति जलाशय के आसपास का क्षेत्र वन विकास निगम के अंतर्गत भी आता है। वनक्षेत्र में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जल्द ही एक संयुक्त टीम भेजकर मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

**निखिल अग्रवाल, वनमंडलाधिकारी**

# गीता यादव का जूनियर हॉकी टीम में हुआ चयन







- दामिनी और यशोदा को मिलेगी खेलो इंडिया स्कॉलरशिप।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

वनांचल और ग्रामीण परिवेश के हुनर जब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी चमक बिखेरते हैं, तो पूरा अंचल गौरवान्वित हो उठता है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है, बोड़ला के जय हिन्द हॉकी क्लब की प्रतिभावान खिलाड़ी गीता यादव का चयन यूनाइटेड किंगडम टूर के लिए भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम में किया गया है। वे आगामी 5 से 14 जुलाई तक इंग्लैंड और स्कॉटलैंड (एडिनबर्ग) में आयोजित होने वाले हाई-प्रोफाइल टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा स्कॉटलैंड, अमेरिका, इंग्लैंड और बेल्जियम जैसी विश्व स्तरीय टीमें हिस्सा ले रही हैं। स्ट्राइकर से मिडफील्ड की मास्टरमाइंड बनीं गीता। बताया जाता है कि पूर्व में स्ट्राइकर के तौर पर खेलने वाली गीता यादव अब एक अनुभवी खिलाड़ी के रूप में मिडफील्ड में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगी। हॉकी में मिडफील्डर की भूमिका को मैच का पावरहाउस माना जाता है, क्योंकि पूरे खेल का संचालन और रणनीति यहीं से तय होती है। गीता का यह सफर क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों के लिए बेहद प्रेरणादायी है।

दामिनी और यशोदा को खेलो इंडिया स्कॉलरशिप क्लब के लिए दोहरी खुशी की बात यह है कि गीता यादव के साथ-साथ क्लब की दो अन्य होनहार खिलाड़ियों दामिनी खुसरो और यशोदा मेरावी का चयन प्रतिष्ठित खेलो इंडिया स्कीम के तहत हुआ है। जनवरी में बैंगलोर में आयोजित खेलो इंडिया असेसमेंट कैंप में उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर इन्हें सालाना 1 लाख 20 हजार रुपये की स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी।

### अंचल में जश्न का माहौल, दिग्गजों ने दी बधाई

खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर जय हिन्द हॉकी क्लब के संरक्षक एडवोकेट उत्तम यादव, शुभम केशरवानी, जय हिन्द फुटबॉल क्लब के कोच डोमेंद्र रावटे, कवर्धा हॉकी संघ के अध्यक्ष अजीत चंद्रवंशी एवं सचिव अविनाश चौहान ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। अभावों को मात देकर अंतर्राष्ट्रीय फलक पर चमकेंगी बोड़ला की स्टार खिलाड़ी, जय हिन्द हॉकी क्लब को शासन से अब भी मदद का इंतजार है।

# सेजाडीह में महिला की संदिग्ध मौत, फांसी पर लटका मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई-कुकदूर

कबीरधाम जिले के वनांचल क्षेत्र के ग्राम सेजाडीह में एक महिला की मौत का मामला सामने आया है। महिला का शव फांसी के फंदे से लटका मिलने के बाद गांव में शोक का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान श्यामा बाई बैगा (पति नचकार बैगा) के रूप में हुई है। गुरुवार को उनका शव घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। परिजनों और ग्रामीणों ने जब यह दृश्य देखा



तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर कुकदूर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा मामले की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि महिला द्वारा यह कदम उठाने के पीछे क्या कारण रहे, इसका अभी पता नहीं चल पाया है।

पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना से जुड़े तथ्यों को जुटाने में लगी हुई है। इस हृदयविदारक घटना के बाद सेजाडीह सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीण घटना को लेकर स्तब्ध हैं और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

# नशामुक्त अभियान में युवाओं ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नशामुक्त भारत अभियान के तहत कबीरधाम पुलिस एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी करपात्री स्टेडियम कवर्धा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह छवई शामिल हुए। कार्यक्रम में युवाओं और नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज निर्माण का संकल्प दिलाया गया।

अपने संबोधन में एसपी धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि युवा अपनी ऊर्जा शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियों में लगाकर राष्ट्र निर्माण



में योगदान दें। उन्होंने नशे के खिलाफ जनभागीदारी को सबसे प्रभावी हथियार बताया।

इस दौरान बालक एवं बालिका वर्ग की विभिन्न दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को शील्ड और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद अकादमी के फिजिकल प्रशिक्षक आरक्षक दशरथ साहू एवं महिला सैनिक रीना शर्मा को युवाओं के शारीरिक विकास और उत्कृष्ट प्रशिक्षण के लिए प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग, पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, अकादमी के अभ्यर्थी तथा बड़ी संख्या में युवा एवं नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन नशामुक्त और स्वस्थ समाज निर्माण के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

# बैठक में किसानों व श्रमिकों के मुद्दों पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया की मासिक बैठक गुरुवार को गुप्ता धर्मशाला, वार्ड क्रमांक 07 पांडातराई में आयोजित की गई। बैठक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष घनश्याम साहू के नेतृत्व में संपन्न हुई, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न मंडलों से बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

बैठक में किसानों, श्रमिकों एवं क्षेत्र की जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। विशेष रूप से पंडरिया स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल शक्कर कारखाना में किसानों के गन्ना बकाया भुगतान, श्रमिकों के लंबित वेतन, किसानों को खाद-बीज उपलब्ध कराने में आ रही



समस्याओं तथा क्षेत्र के अन्य जनहित के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।

इस दौरान संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के लिए रणनीति तैयार की गई। वक्ताओं ने कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करने तथा जनता की समस्याओं को लेकर आगामी दिनों में संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया। बैठक में हाल ही में नियुक्त सह मंडल प्रभारियों एवं मीडिया प्रभारियों का सम्मान कर उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों, मजदूरों एवं आम जनता की आवाज बनकर उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी। बैठक में नीलू चंद्रवंशी, मनीष शर्मा, अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर, अमन पाटस्कर, जुगल किशोर पांडे, शिव गुप्ता, प्रदीप जायसवाल, इमरान खान, अश्वनी जलेश चंद्रवंशी, पुष्कर लहंगीर, विद्या साहू, जीतराम चंद्रवंशी, राजेंद्र चंद्रवंशी, दौलत गिरी गोस्वामी, डिंडोरे बंजारे, देवेंद्र डाहिरे, संतोष गोयल, त्रिलोकचंद, अफजल सहित उपस्थित थें।

# ग्राम पंचायत कोदवा कला में अति आवश्यक सीसी रोड हेतु भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

कोदवा कला ग्राम पंचायत में लेखु साहू के घर पास अति आवश्यक सीसी रोड निर्माण कार्य का आज भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ किया गया।

ग्राम पंचायत के सरपंच संतोष ध्रुर्वे ने बताया की मोहल्ले में कच्चा रास्ता होने के कारण वार्डवासियों को आने जाने में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था, कच्चा मार्ग होने से बरसात में दिक्कत होती थी। जनपद सदस्य की राशि एवं पंचायत की राशि दोनों के फंड से उक्त सड़क का निर्माण कार्य प्रारम्भ



किया गया, जनपद पंचायत पंडरिया के सभापति अश्वनी यदु ने कहा की अभी लगभग सत्तर मीटर के आस पास लम्बा सड़क का निर्माण करवाया जा रहा है। उक्त वार्ड में जो कच्चा सड़क है और पांच सौ मीटर से भी अधिक है भविष्य में इस सड़क को पूरा सीसी करके वार्ड वासियों को राहत देनें की कोशिश करेंगे। भूमि पूजन के दौरान जनपद सभापति अश्वनी यदु, सरपंच संतोष ध्रुर्वे, पूर्व सरपंच राकेश सिंगरौल, उप सरपंच अशोक सिंगरौल, पंच टिका सिंगरौल एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### मशीनें व उपकरण क्षतिग्रस्त, 35 लाख के नुकसान का अनुमान

# तेज आंधी-तूफान में उखड़ा टीन शेड



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में बुधवार शाम आए तेज आंधी-तूफान ने कई क्षेत्रों में जनजीवन को प्रभावित किया, लेकिन इसकी सबसे बड़ी मार बोड़ला विकासखंड के ग्राम पंचायत भोंदा अंतर्गत जोगी नवागांव स्थित मां रूखमणी गुड़ उद्योग पर पड़ी। कुछ ही मिनटों तक चली तेज हवाओं ने उद्योग परिसर में भारी तबाही मचाते हुए पूरा टीन शेड उखाड़ दिया। हादसे में उद्योग को लगभग 35 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है। जानकारी के अनुसार बुधवार शाम करीब 6:35 बजे अचानक मौसम ने करवट ली और तेज हवाओं के साथ आए तूफान ने उद्योग परिसर को अपनी चपेट में ले लिया। हवा का दबाव इतना अधिक था कि लोहे से निर्मित विशाल टीन शेड उखड़कर दूर जा गिरा। शेड के नीचे स्थापित मशीनें, विद्युत उपकरण, सीसीटीवी कैमरे तथा अन्य संसाधन खुले में आ गए, जिससे वे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। तूफान के बाद पूरे परिसर में मलबा बिखर गया और उद्योग का संचालन पूरी तरह ठप हो गया। आगामी उत्पादन सत्र को देखते हुए उद्योग में मशीनों और अन्य व्यवस्थाओं को पहले से तैयार किया गया था, लेकिन प्राकृतिक आपदा ने तैयारियों पर पानी फेर दिया।

### रोजगार पर भी संकट, कई मजदूर प्रभावित

उद्योग संचालक विश्वामित्र वर्मा ने बताया कि नुकसान केवल भवन और मशीनों तक सीमित नहीं है। उद्योग बंद होने से यहां कार्यरत कई मजदूरों के सामने रोजगार का संकट भी खड़ा हो गया है। ग्रामीण क्षेत्र में संचालित यह गुड़ उद्योग स्थानीय लोगों के लिए रोजगार का महत्वपूर्ण माध्यम रहा है। उत्पादन ठप होने से श्रमिकों और उनके परिवारों की चिंता बढ़ गई है।



## कार्रवाई: जब्त गांजा की कीमत लगभग 2.75 लाख रुपए बताई जा रही

# पांच किलो से ज्यादा गांजा के साथ आरोपी तस्कर गिरफ्तार, बाइक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया

कबीरधाम पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 किलो 579 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से गांजा, मोटर सायकिल और मोबाइल फोन सहित कुल 3.52 लाख रुपए से अधिक का सामान जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा डीएसपी आशीष शुक्ला के पर्यवेक्षण में थाना पिपरिया और साइबर थाना की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की।

पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक मोटर सायकिल से गांजा लेकर बिक्री के लिए पिपरिया क्षेत्र में आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने भारत माता चौक पिपरिया में घेराबंदी कर एक संदिग्ध बाइक सवार को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम हुकमी चंद चंद्रवंशी निवासी ग्राम कान्हाभैरा बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 5 किलो 579 ग्राम गांजा बरामद किया गया। जब्त गांजा की कीमत करीब 2.75 लाख रुपए बताई जा रही है। इसके अलावा 65 हजार रुपए कीमत की मोटर सायकिल और 12 हजार रुपए कीमत का मोबाइल फोन भी जब्त किया गया।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक नितिन तिवारी, साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक उमाशंकर राठौर, सहायक उप निरीक्षक डोमन बंजारे, मुकेश साहू तथा आरक्षक नरेंद्र चंद्रवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### गांजा सप्लायर की तलाश जारी



पुलिस अधिकारियों के अनुसार पूछताछ में आरोपी से गांजा उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। पुलिस अब सप्लायर की तलाश में जुटी हुई है और जल्द ही मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है।

### नशा कारोबारियों को सख्त चेतावनी

कबीरधाम पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी, बिक्री और युवाओं को नशे की ओर धकेलने वाले तत्वों के खिलाफ कठोर एवं लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने कहा कि नशे के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# कुण्डा के हरदीप सिंह सलूजा बने लायंस क्लब बिलासपुर के अध्यक्ष



■ शपथ ग्रहण समारोह में महापौर ने की लायंस चौक निर्माण की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

कुण्डा के युवा समाजसेवी हरदीप सिंह सलूजा को लायंस क्लब बिलासपुर का वर्ष 2026-27 के लिए अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। उनका शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को बिलासपुर स्थित होटल इंटरसिटी इंटरनेशनल में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ठाकुर एवं अध्यक्षता बिलासपुर महापौर पूजा विधानी ने की।


शपथ अधिकारी प्रितपाल बीएस ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरदीप सिंह सलूजा, सचिव मनीष कुमार चंदेल एवं कोषाध्यक्ष सीए रौनक अग्रवाल सहित नई कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। अध्यक्ष पद की शपथ लेने के बाद हरदीप सिंह सलूजा ने कहा कि लायंस क्लब द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन समाज सेवा, मानव कल्याण एवं जनहित के कार्यों के माध्यम से पूरी निष्ठा के साथ करेंगे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने महापौर पूजा विधानी से शहर में लायंस क्लब के नाम पर एक चौक निर्माण की मांग की।

इस पर महापौर ने सहर्ष सहमति जताते हुए लायंस चौक निर्माण की घोषणा की। कार्यक्रम के संयोजक समाजसेवी सुरेंद्र सिंह छाबड़ा, मोहन होनप एवं विजय क्रांति तिवारी उपस्थित थें। समारोह में बड़ी संख्या में लायंस क्लब के पदाधिकारी, सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थें।

वहीं कुण्डा में हरदीप सिंह सलूजा के अध्यक्ष बनने पर विधायक धर्मजीत सिंह ठाकुर, महापौर पूजा विधानी, सुरेंद्र सिंह छाबड़ा, अमरजीत सिंह सलूजा, इंद्रजीत सिंह सलूजा, उपसरपंच मुमताज अहमद, रौनक छाबड़ा, रिंकल छाबड़ा, अमन खनूजा, बाबूलाल रजक, रमन खनूजा एवं सूरज यादव सहित अनेक लोगों ने बधाई प्रेषित कीं।

# सद्गुरू कबीर साहेब का प्रकट उत्सव 29 जून को

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



सद्गुरू कबीर साहेब का प्रकट उत्सव 29 जून सोमवार को मनाया जाएगा। इसके लिए समाज प्रमुखों द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार किया जा रहा है। सदगुरू कबीर युवा मानिकपुरी समाज के प्रचार-प्रसार प्रमुख सूरजदास मानिकपुरी ने बताया कि स्थानीय कैलाश नगर कबीर कुटी में समाज की आवश्यक बैठक बुधवार को रखी गई। बैठक में समाज के अध्यक्ष सुरेश दास, उपाध्यक्ष नरेश दास, सचिव विनोद दास एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कबीर साहेब का प्रकट दिवस हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। 29 जून को साहब का प्रगट उत्सव के दिन कबीर कुटी में सुबह 8 बजे शोभा यात्रा निकाली जाएगा जो कबीर कुटी से प्रारंभ होकर लोहारा नाका झंडा चौक, सिग्नल चौक, ठाकुर पारा होते हुए कबीर पारा से गुप्ता पारा होते हुए राजमहल चौक भारत माता चौक, गायत्री मंदिर, शिवा जी चौक नगर भ्रमण करते हुए कबीर कुटी भवन में पहुंचेंगे। तत्पश्चात 10 बजे से गुरू महिमा पाठ, 12 बजे सात्विक चौका आरती एवं सुबह 10 बजे से भोजन भंडारा का आयोजन किया जाएगा। जिस पर समाज ने सभी धर्म प्रेमीजन व समाज के सभी लोगों को इस कार्यक्रम में शामिल होने अपील की गई।

# विधायक भावना बोहरा के प्रयास से गुंझेटा में पेयजल समस्या के समाधान की पहल

■ महिलाओं की मांग पर एक सप्ताह में शुरू हुआ बोर खनन।

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

ग्राम पंचायत खम्हरिया के आश्रित ग्राम गुंझेटा में लंबे समय से बनी हुई पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है। क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा के प्रयासों से गांव में बोर खनन का कार्य शुरू हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार, हाल ही में जनसंपर्क अभियान के दौरान विधायक भावना बोहरा गुंझेटा पहुंची थीं।

इस दौरान गांव की महिलाओं ने उन्हें पेयजल संकट से अवगत कराते हुए आवेदन सौंपा था। विधायक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद महज एक सप्ताह के भीतर गांव में बोर खनन मशीन पहुंच गई और बुधवार को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कार्य प्रारंभ किया गया।

बोर खनन स्थल पर सरपंच नरेंद्र निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, पुरुष और बच्चे उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के दिनों में गांव में पानी की गंभीर समस्या बनी रहती थी और कई हैंडपंप भी सूख जाते थे। ग्रामीण अशोक निर्मलकर ने बताया कि विधायक को समस्या से अवगत कराने के बाद त्वरित कार्रवाई हुई और एक सप्ताह के भीतर बोर खनन कार्य शुरू हो गया।



### ग्रामीणों में खुशी का माहौल

सरपंच नरेंद्र निर्मलकर सहित ग्रामवासियों ने विधायक भावना बोहरा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे लगातार क्षेत्र का दौरा कर लोगों की समस्याएं सुन रही हैं तथा उनके निराकरण के लिए सक्रियता से कार्य कर रही हैं। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि बोर खनन पूर्ण होने के बाद गांव की पेयजल समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी।

# संजय अग्रवाल के योग आयोग अध्यक्ष बनने पर हर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष पद पर संजय अग्रवाल की नियुक्ति पर जिले के पतंजलि परिवार एवं वरिष्ठ योग साधकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। पतंजलि योग समिति के वरिष्ठ योग साधकों ने कहा कि संजय अग्रवाल के नेतृत्व और मार्गदर्शन में प्रदेश में योग के क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी तथा योग और स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता का व्यापक विस्तार होगा। योग साधकों ने विश्वास जताया कि उनके कार्यकाल में योग को जन-जन तक पहुंचाने के प्रयास और अधिक प्रभावी होंगे तथा प्रदेश में योग संस्कृति को मजबूती मिलेगी।



इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ योग साधक रामावतार निषाद, राजकुमार वर्मा, महेंद्र ठाकुर, दुर्योधन पाली, हजारीराम चंद्रवंशी, मनोहर साहू, लीलाराम साहू, बालाराम पटेल, हरिराम साहू, वेदराम साहू, शिवकुमार, रामकुमार, पंचराम, ओंकार राजपूत एवं संतोष साहू सहित अन्य योग साधकों ने अग्रवाल के उज्जवल एवं सफल कार्यकाल की कामना की।

## खबर संक्षेप

### बच्चों को मीठा खिलाकर शाला प्रवेशोत्सव मनाया

**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम बसनी में आज शासकीय प्राथमिक शाला बसनी में शाला प्रवेश उत्सव को पर्व के रूप में मनाया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती दुरुपति ईश्वर चंद्राकर ने किया, उन्होंने बच्चों को तिलक लगाकर मुंह मीठा करते हुए पुस्तक वितरण किया। साथ ही बच्चों की उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी, इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक अशोक कुमार साहू एवं शिक्षक योगेश कुमार जोगवंशी ने पालकों से अनुरोध किया कि बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजे और गृहकार्य कराए साथ ही पालक गण भी इस अवसर पर उपस्थित थें।

### अटल उत्कृष्ट शिक्षा का आवेदन आमंत्रित

**कवर्धा।** पंजीकृत श्रमिक परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा संचालित अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के तहत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को कक्षा 6वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट आवासीय विद्यालयों में पूर्णतः निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। आवेदन करने की अंतिम तिथि 3 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। जिला श्रम अधिकारी ने बताया कि योजना का लाभ ऐसे निर्माण श्रमिकों की प्रथम दो संतानों को मिलेगा, जिनका मंडल में कम से कम एक वर्ष पूर्व से वैध पंजीयन हो तथा पात्र विद्यार्थियों का चयन शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों को उत्कृष्ट आवासीय विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ आवास, भोजन, अध्ययन सामग्री तथा बेहतर शैक्षणिक वातावरण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# झमाझम बारिश में बह गए दावे, नगर पालिका की तैयारियों की खुली पोल

## जलभराव व नालियों की गंदगी सड़कों पर आने से बढ़ी परेशानी



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

मानसून की पहली जोरदार बारिश ने शहरवासियों को गर्मी से राहत तो दी, लेकिन नगर पालिका की मानसून पूर्व तैयारियों की हकीकत भी सामने ला दी। गुरुवार शाम हुई झमाझम बारिश के बाद शहर के कई हिस्सों में जलभराव, उफनती नालियां और सड़कों पर फैली गंदगी ने व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए।

कुछ समय की बारिश में ही आम और खास दोनों इलाकों की तस्वीरें सामने आने लगीं, जिससे नगर पालिका के दावों की हवा निकल गई। नगर पालिका द्वारा मानसून पूर्व नालियों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने का दावा किया गया था, लेकिन पहली ही बारिश में कई स्थानों पर पानी भरने और नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा।

लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा, वहीं सड़क किनारे रहने वाले और व्यापार करने वाले लोग बदबू और गंदगी से परेशान रहे। शहर के अलग-अलग हिस्सों में जलभराव की स्थिति देखने को मिली। लोगों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के दौरान यही समस्या सामने आती है, लेकिन इसके स्थायी समाधान की दिशा में कोई गंभीर पहल नहीं की जाती। बारिश खत्म होते ही जिम्मेदार विभाग भी समस्या को भूल जाते हैं।

### हर साल उठता है सवाल, समाधान अब भी अधूरा

शहर के दर्रीपारा वार्ड में बारिश के बाद हालात सबसे अधिक खराब नजर आए। यहां आधा दर्जन से अधिक बैंक, कई व्यावसायिक प्रतिष्ठान और बड़ी आबादी निवास करती है। बारिश के बाद नालियों का गंदा पानी सड़क पर बहने लगा। सड़क पर जमा गंदगी और बदबू के कारण स्थानीय दुकानदारों, मकान मालिकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि नियमित सफाई और जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने से हर साल यही स्थिति बनती है। शहरवासियों का कहना है कि जलभराव और नालियों की समस्या अब मौसमी नहीं बल्कि स्थायी समस्या बन चुकी है। मानसून से पहले हर साल सफाई अभियान और तैयारियों के दावे किए जाते हैं, लेकिन बारिश शुरू होते ही दावों की वास्तविकता सामने आ जाती है।

# नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर किया स्वागत, वितरित की पाठ्य पुस्तकें

■ विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व अवगत कराया।

हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उनका मुंह मीठा कराते हुए पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरिता सोनी, उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर, सुशील गुप्ता, रामू पांडे, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर बीआरसी राममुरारी यादव, रामकिशोर साहू, नंदन प्रसाद बघेल, आरती ठाकुर, विजय गिरी गोस्वामी सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। अतिथियों ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए नियमित अध्ययन और उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। शाला परिवार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का संकल्प लिया।




# विद्यार्थियों को वितरित की गई पाठ्यपुस्तक

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया

नगर पंचायत पिपरिया स्थित संकुल केंद्र में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं वंदना के साथ किया गया। इस दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें मिठाई, पाठ्य पुस्तकें एवं शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई।



अतिथियों ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शाला प्रवेश उत्सव केवल विद्यालय में प्रवेश का अवसर नहीं, बल्कि बच्चों के उज्जवल भविष्य की मजबूत नींव रखने का पर्व है। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन का सबसे बड़ा धन है, जो व्यक्ति को सही-गलत की पहचान कराती है। विद्यालय बच्चों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं देता, बल्कि उनके चरित्र, अनुशासन और व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अतिथियों ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल, कला एवं अन्य गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप कौशल आधारित एवं सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत पिपरिया के उपाध्यक्ष शिवचरण पटेल उपस्थित थें। साथ ही साथ पार्षद सोम पटेल, श्रीमती संध्या देवांगन, संकुल प्राचार्य नंदकुमार शर्मा, संकुल समन्वयक महेंद्र जांगड़े, प्रधान पाठक लखन लाल वारते, रुपेश तिवारी, श्रीमती स्वाति शर्मा, श्रीमती सूर्य नामदेव, राजकुमार बंजारे, प्रहलाद पात्रे, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

कार्यक्रम का संचालन रुपेश तिवारी ने किया, आभार प्रदर्शन संकुल समन्वयक महेंद्र जांगड़े ने किया।

## 10 साइलेंसर बैकहो लोडर (जेसीबी) से कुचलकर किए गए नष्ट

# मॉडिफाइड साइलेंसर पर पुलिस का शिकंजा



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले मॉडिफाइड साइलेंसरों के खिलाफ कबीरधाम पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए 10 मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त कर कहो बैकहो लोडर जेसीबी से कुचलकर नष्ट कर दिए। साथ ही संबंधित वाहन चालकों के खिलाफ मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई और भविष्य में ऐसे साइलेंसर का उपयोग नहीं करने की चेतावनी दी गई। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन में जिलेभर में मॉडिफाइड साइलेंसरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में एसडीओपी आशीष शुक्ला, थाना प्रभारी योगेश कश्यप और कोतवाली पुलिस टीम ने कवर्धा शहर में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जांच के दौरान 10 वाहनों में नियमों के विपरीत मॉडिफाइड साइलेंसर लगे पाए गए।

पुलिस ने सभी वाहनों को कोतवाली थाना लाकर वाहन मालिकों की मौजूदगी में साइलेंसर निकलवाए। इसके बाद जब्त साइलेंसरों को थाना परिसर में एकत्र कर जेसीबी मशीन से नष्ट किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मॉडिफाइड साइलेंसरों से निकलने वाली तेज आवाज आम लोगों, बुजुर्गों, मरीजों और विद्यार्थियों के लिए परेशानी का कारण बनती है। इससे ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है और यातायात नियमों का भी उल्लंघन होता है। एसडीओपी आशीष शुक्ला ने कहा कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले में ऐसे वाहनों की लगातार पहचान कर कार्रवाई की जा रही है।

वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे अपने वाहनों में कंपनी द्वारा निर्धारित मानक उपकरणों का ही उपयोग करें और यातायात नियमों का पालन करें। कबीरधाम पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं मॉडिफाइड साइलेंसर लगे वाहनों का संचालन होता दिखाई दे तो इसकी जानकारी पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।